हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

10 ग्रामीणों ने तीन दिन का दिया अल्टीमेटम, फिर करेंगे हड़ताल



11 जिस समाज में लोग ज्यादा शिक्षित हैं, उस समाज का उतना ही ज्यादा विकास होगाः पूर्व गृहमंत्री





## खबर संक्षेप

### मकान से सोना चांदी के जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात और मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया। भिलाई टीम पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक डबरापारा दक्षिण भिलाई तीन निवासी रामनाथ देवांगन राज मिस्त्री का काम करता है। वह मकान में ताला जड़कर पत्नी ममता देवांगन समेत परिवार के साथ रामनगर दुर्ग शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर लौटने पर देखा तो दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला था। मकान से अज्ञात चोर ने नगदी रकम 16 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवरात, की -पेड मोबाइल चोरी कर लिया था। चोरी की घटना में सामान की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है।

### दुर्ग-हटिया, इंटरसिटी एवं विशाखापट्टनम जाने वाली ट्रेन रद्द

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत राउरकेला-बन्डामुन्डा स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक किया जाएगा। इसके कारण 24 अप्रैल को हटिया से चलने वाली 08185 हटिया दुर्ग स्पेशल रद्द रहेगी। 25 अप्रैल को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन 08186 दुर्ग हटिया स्पेशल, 24 से 26 अप्रैल तक ट्रेन 18113/18114 बिलासपुर-टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 25 एवं 26 अप्रैल को ट्रेन 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, 23 एवं 29 अप्रैल, 05 मई को रायपुर से रवाना होने वाली ट्रेन 58527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर, 22 एवं 29 अप्रैल, 4 मई 2025 को विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली ट्रेन 58528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। इसके अलावा 21 अप्रैल को नांदेड़ से चलने वाली ट्रेन 12767 नांदेड संतरागाछी एक्सप्रेस को 1 घंटे, 22 अप्रैल को (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) एलटीटी से चलने वाली ट्रेन 22511 एलटीटी कामाख्या एक्सप्रेस को 2 घंटे, 24 अप्रैल को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से चलने वाली ट्रेन 12261 सीएसटी एम हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस को 3 घंटे रिशेड्यूल किया गया है। 22 अप्रैल को विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली ट्रेन 12807 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 1घंटे 30 मिनिट विलंब से रवाना होगी।

### दुर्गा मंदिर, गौतम नगर, शिवाजी नगर, लक्ष्मण नगर, बालाजी नगर, बापू नगर में हालात बेहद खराब

# औद्योगिक क्षेत्र के 6 वार्डों के 15 हजार नल कनेक्शन आधे घरों में पानी नहीं, केमिकलयुक्त पानी पीने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

प्रशासनिक हठधर्मिता और लापरवाही का खामियाजा भिलाई निगम के औद्योगिक नगर क्षेत्र के 6 वार्डों में रहने वाले परिवार भुगत रहे हैं। इसी भीषण गर्मी में वे पानी की बूंदबूद के लिए तरस रहे हैं। हालत यह है कि उन्हें या तो पानी महंगी कीमत में खरीदकर पीना पड़ रहा है, या केमिकलयुक्त पानी में जीवन यापन करना पड़ रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि भिलाई निगम ने गौतम नगर, दुर्गा मंदिर, शिवाजी नगर, लक्ष्मण नगर, बालाजी नगर, बापू नगर वार्ड में करीब 15 हजार नल कनेक्शन दे रहे हैं, ताकि निगम का पानी इन क्षेत्रों में पहुंच सके, लेकिन फोर्स कम होने की वजह से या तो पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा, जहां पहुंच रहा, वहां गंदी नालियों के बीच से पाइपलाइन गुजरने की वजह से पानी पीने लायक नहीं है। इस बीच मजबूरी ऐसी है कि क्षेत्र के लोग नलकूप या हैंडपंप से केमिकलयुक्त पानी पीने मजबूर हैं। खास बात यह है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नलकूप से केमिकलयुक्त पानी निकलने की शिकायत के बाद आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंप को बंद कर दिए हैं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों से बहाय जा रहे ऑयल की वजह से लगातार नलकूप से ऑयलयुक्त पानी निकलने की संख्या बढ़ते जा रही है। इस तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।



फैक्ट्री से निकल रहा ऑयल युक्त पानी



अलग खबर

### इन क्षेत्रों में पानी को लेकर ज्यादा दिक्कत ऑयलयुक्त पानी का हो रहा उपयोग

वार्ड-46 में गणेश मंदिर, तरंगनी नगर, उड़िया बस्ती, ज्योति नगर, शीतला मंदिर, मिनी माता नगर, छोटा जैतखंभ, नंदगैयापार। वार्ड-43 बापूनगर में मोची मोहल्ला, तालाब पार, सरकारी कुआं लाइन, मस्जिद के पास के एरिया शामिल है।

### 15 साल से वार्डवासी शिकायत कर रहे, सुनवाई ही नहीं

पिछले करीब 15 साल से इस मामले को लेकर बालाजी नगर के रहवासियों द्वारा शिकायत की जा रही है। वार्ड में 40 से ज्यादा बोर हैं, इसमें 8 से 10 बोर में कैमिकलयुक्त पानी की शिकायत है। वार्ड के पार्षद और शिवाजी नगर जोन के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर राव ने बताया कि इस मामले को लेकर वे कलेक्टर तक से मिल चुके हैं। औद्योगिक क्षेत्रों पर नियंत्रण नहीं होने की वजह से दिक्कत बनी हुई है। उनके वार्ड में 2500 से ज्यादा कनेक्शन हैं, इनमें से कुछ जगहों पर पानी को लेकर दिक्कत बनी हुई है। गर्मी में यह परेशानी और अधिक बढ़ गई है। वार्ड-43 की पार्षद सरिता बघेल बताती हैं, कि उनके क्षेत्र में कैमिकलयुक्त पानी की समस्या बनी हुई है। पब्लिक इस वजह से खासी परेशान है।

### सीधी बात



**अमरनाथ दुबे,** आयुक्त शिवाजी नगर जोन-4

### मोटर पंप का उपयोग होने की वजह से फोर्स की समस्या, कार्रवाई करेंगे

**सवालः** कैमिकलयुक्त पानी की समस्या से 6 वार्ड की पब्लिक परेशान है, निगम क्यों ध्यान नहीं देता?

**जवाबः** ऐसा नहीं है, हैंडपंप बंद कराए गए हैं, निगम से पानी सप्लाई व्यवस्था दी गई है।

**सवालः** निगम कनेक्शन से पानी आधी आबादी तक पहुंच ही नहीं रहा, लोग पानी खरीदकर पीने विवश हो रहे हैं?

**जवाबः** पहली बात लोग निगम के पानी पर भरोसा नहीं कर रहे, जबकि वह ज्यादा साफ और पीने योग्य है। रही बात नहीं पहुंचने की तो मोटर पंप का धड़ल्ले से उपयोग रहा है।

**सवालः** यदि मोटर पंप लगाकर लोग पानी खींच रहे हैं, तो निगम कार्रवाई क्यों नहीं करता?

**जवाबः** निगम ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई करता है, गर्मी के दिनों में पुनः अभियान चलाया जाएगा।

**सवालः** शहर की जनता को साफ पानी पिलाना क्या निगम की जिम्मेदारी नहीं है, फिर क्यों इन क्षेत्रों के लोगों तक साफ पानी नहीं पहुंच पा रहा?

**जवाबः** इसे लेकर पीएचई, पर्यावरण विभाग और निगम के इंजीनियरों की टीम संयुक्त रूप से जांच करेगी।

### दुर्गा मंदिर वार्ड के गणेश मंदिर क्षेत्र में नहीं आता निगम का पानी

जानकारी के मुताबिक दुर्गा मंदिर वार्ड-46 में गणेश मंदिर क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यहां निगम के नल तो लगे हैं, लेकिन उनसे पानी नहीं आता, जहां पानी पहुंचता भी है, वह नाममात्र के लिए होता है। मजबूरी में लोगों को या तो पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है, या फिर कैमिकलयुक्त पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। पार्षद के जगदीश राव ने बताया कि वार्ड के 60 प्रतिशत हिस्सों में निगम की पानी सप्लाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। पर्याप्त पानी नहीं पाता, निगम अधिकारियों से लगातार शिकायत के बाद भी समस्या जस के तस बनी हुई है। जबकि पिछले कई सालों से समस्या जस के तस बनी हुई है।

# 29 नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

\भिलाई-तीन पुलिस ने 500 और 200 के 29 नकली नोट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम नरेंद्र सिंह बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नकली नोट लेकर एक बेकरी में आइसक्रीम खाने पहुंचा था, लेकिन दुकानदार को संदेह होने पर उसने पुलिस को खबर दी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

- चरोदा स्थित विद्यालय के पास आइसक्रीम लेने पहुंचा था दुकान में

आरोपी नकली नोट खपाने की कोशिश कर रहा था। चरोदा स्थित ज्योति विद्यालय के पास स्थित जलाराम बेकरी में आरोपी नरेद्र सिंह बेकरी में आइसक्रीम खरीदने के बहाने पहुंचा। दुकानदार को 500 रुपए का नकली नोट दिया। नोट की गुणवत्ता पर शक होने पर दुकानदार ने उसे बातों में उलझाए रखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से 500 रुपए के 18 नकली नोट और 200 रुपए के 11 नकली नोट बरामद किए गए। कुल मिलाकर युवक के पास से नकली नोटों की संख्या 29 रही। आरोपी महासमुंद निवासी है। पहले भी इसी इलाके में नकली नोट चलाने की कोशिश कर चुका है। लेकिन इस बार दुकानदार की सतर्कता और सूझबूझ के चलते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर के अनुसार आरोपी काफी शातिर किस्म का व्यक्ति है, जो छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने की फिराक में था। पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी बड़े गिरोह से भी जुड़ा हो सकता है।

युवा मोर्चा का आरोप

# भिलाई-चरोदा निगम कमीशनखोरी का अड्डा, महापौर का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में व्याप्त समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई-

- निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

चरोदा मंडल के नेतृत्व मे सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो नेताओं ने 16 बिंदुओ में आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। महापौर निर्मल कोसरे का पुतला दहन किया। जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण यादव ने बताया की नगर निगम कमीशनखोरी का अड्डा बन गया है। जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू ने जनता के साथ किए जा रहे भेदभाव और प्रधानमंत्री आवास में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर जानकारी दी। युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय साहू ने नगर निगम वार्ड मे जल समस्या और शहर मे बदहाल सफाई व्यवस्था के विषय से अवगत कराया। इस दौरान महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर राव, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रामखिलावन वर्मा, पार्षद तुलसी ध्रुव, तुषान्त वर्मा, प्रेमलता चंद्राकर, शिव कुमारी यादव, नंदनी जांगड़े, समीर अग्रवाल, तेजस पाल समेत सैकड़ों भाजयुमो नेता मौजूद थे।

### 16 बिंदुओं का शिकायत और मांग पत्र आयुक्त को सौंपा



# खाना बनाने को लेकर पति ने पत्नी पर किया हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी ko पुलिस में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि गुलाब बाई कुर्रे ने पुलिस में शिकायत किया था कि पति जागेन्द्र कुर्रे खाना नही बनाने की बात को लेकर विवाद किया। उसके बाद आवेश में आकर घर में रखे लोहे के गैंती से महिला की हत्या करने की नियत से लगातार तीन बार वार किया। घटना में पीडिया के सीने एवं बांये पैर में गंभीर चोंट आई है। जिसका उपचार श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में चल रहा था। जो डिस्चार्ज होने के बाद 20. अप्रेल को कुटाई पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करने पहुंची थी।

### ठेका श्रमिक की करंट से मौत

# ठेकेदार और सुपरवाइजर के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

काम करते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत मामले में पुलिस ने जांच के

- सुपेला पुलिस कर रही मामले में जांच, काम के दौरान हुआ था हादसा

बाद मिशन ठेकेदार और उसके सुपरवाइजर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। दोनों के खिलाफ धारा 304 ए, 34 के तहत कार्रवाई की गई। सुपेला पुलिस ने बताया कि अंजोरा ढाबा थाना बोरी निवासी मृतक दुर्गेश लोहार 23 वर्ष समेत अन्य कर्मी कटिंग मशीन से दीवार कटिंग कर रहे थे। इस दौरान ठेकेदार परमानंद साहू, सुपरवाइजर पुरुषोतम पटेल ने दुर्गेश को किसी प्रकार से विद्युत सुरक्षा उपकरण मुहैय्या नहीं कराया। बल्कि लापरवाही पूर्वक कोर कटिंग मशीन से काम कराने के कारण कर्मी दुर्गेश विद्युत करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

जांच में प्रथम दृष्टया ठेकेदार परमानंद साहू एवं सुपरवाईजर पुरुषोत्तम पटेल की लापरवाही सामने आई। घटना 13 जून 2024 की है। पीएम रिपोर्ट में हार्ट का हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण कराया गया। जिसमें दुर्गेश की मौत बिजली करंट लगने से होना पाया गया।






# सोसायटी में विभाग ने पकड़ा 40 लाख का घोटाला, सीईओ ने दी क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा निकुम सोसायटी के प्रबंधक सहित अन्य लोगों पर एफआईआर करने के निर्देश दिए थे। लेकिन जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ ने रिपोर्ट ही बदल दिया। यही नहीं कलेक्टर के निर्देश पर सामने आए रिपोर्ट को सोची समझी साजिश के तहत पलीता लगाया गया और काले कारनामे के पूरे रिपोर्ट को सांठगांठ कर एक नंबर बना दिया गया। यानि सीईओ ने 40 लाख के इस घपले को जीरो शार्टेज में होना बताकर प्रबंधक सहित अन्य को क्लीनचिट दे दी हैं।

धान खरीदी के बाद खाद्य विभाग द्वारा फरवरी माह में निकुम सोसायटी का भौतिक सत्यापन किया था। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने 13 सौ क्विंटल यानि करीब चालीस लाख रूपए की गडबडी पाई थी। जांच में 13 सौ क्विंटल धान ही नही पाया गया।

खाद्य विभाग के टीम ने कलेक्टर के निर्देश पर जांच रिपोर्ट भी तैयार की थी। खाद्य नियंत्रक टीएम एस अतरी ने बताया कि, जांच में 13 सौ क्विंटल की गडबडी होना पाया गया था। उन्होने कलेक्टर को रिपोर्ट सोंप दी थी। कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी को एफआईआर करने के निर्देश दिए थे। लेकिन सीईओ ने ऐसा षडयंत्र रखा और वर्तमान में निकुम सोसयटी में पर्दा डाल दी और रिपोर्ट में यह बताया गया कि, सोसायटी में कोई शार्टेज नही पाया गया।

## दोषियों को बचाने सीईओ ने खेला खेल, कलेक्टर के आदेश की उड़ी धज्जियां

### ट्रक लोडिंग की सिस्टम में एंट्री नहीं की

हरिभूमि ने सीईओ एसके जोशी से जानकारी ली तो उनका कहना है कि, निकुम सोसायटी में 13 सौ क्विंटल धान की कमी पाई गई थी। उन्होनें जांच कराया तो पता चला कि, दो ट्रक लोडिंग की सिस्टम में एंट्री नहीं की गई थी। जबकि खाद्य विभाग की टीम ने इसे गबडबी माना है और संबंधित प्रबंधक और नोडल अधिकारी पर एफआईआर करने के निर्देश दिए थे।


दुर्ग। इस मामले में किसानों ने किया था सोसाइटी में प्रदर्शन।

### सीईओ ने डाला गड़बड़ी पर पर्दा

निकुम सोसायटी में कलेक्टर के निर्देश खाद्य विभाग ने जांच की थी। जांच में निकुम में 13 सौ क्विंटल की गडबडी पाई गई। खाद्य नियंत्रक टीएस अतरी ने बताया कि, बैंक के सीईओ को एक माह पहले ही एफआईआर करने पत्र लिखा गया था। लेकिन इस एक माह में सीईओ ने प्रबंधक से सांठगांठ कर पूरा रिपोर्ट ही बदल दिया और लाखों की गडबडी को जीरो शार्टेज में तब्दील कर दिया गया हैं। बल्कि इसकी जानकारी खाद्य विभाग के अधिकारी और कलेक्टर को भी नही हैं।

### एफआईआर के निर्देश

कलेक्टर के निर्देश पर जिला सहकारी बैंक के सीईओ को एफआईआर कराने निर्देश दिए गए थे। एक माह पहले ही पत्र लिखा गया था।
-टीएस अतरी, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

### जीरो शार्टेज

निकुम सोसायटी में दो ट्रक की एंट्री छुटी थी। जिसे सुधार कराया गया और शार्टेज शून्य पाया गया। हमने ब्रांच मैनेजर से प्रतिवेदन भी मंगाया था।
-एसके जोशी, सीईओ, केन्द्रीय बैंक

## खबर संक्षेप



### आश्रम में मनाया गया 89 वां अवतरण दिवस

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी में सदगुरू का 89 वां अवतरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत सदगुरू के जीवन पर आधारित आशारामायण पाठ किए गए। संगीतमय भगवान नाम कीर्तन करते हुए ध्यान भी कराए गए। गुरु मंत्र का जप, पादुका पूजन, सदगुरू के स्वास्थ्य के लिए मंत्र अनुष्ठान, हवन पूजन भी किए गए। अंत में 89 वां दीप प्रजलवित कर 56 भोग महाप्रसादी भोग लगा कर आरती किए गए। श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई। बेलौदी आश्रम के गेट के पास शर्बत और हलवे की प्रसादी भी बांटी गई। अवतरण दिवस के निमित एक सप्ताह पूर्व से ही दुर्ग जिले के 21 स्थानों में राहगीरों को शर्बत और चने की प्रसादी बाटी गई। आश्रम में बच्चों के बीच बालसंस्कार विभाग द्वारा दिव्य ज्ञान प्रतियोगिता और संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समिति द्वारा बताया गया कि यह अवतरण देश भर के 450 आश्रम समिति द्वारा सभी जगह मनाई जाती है। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### समिति की बैठक आज

दुर्ग। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 एवं संशोधन नियम 2016 के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 22 अप्रैल को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में समिति से संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा एवं एजेंडा पर चर्चा हेतु 22 अप्रैल को अपरान्ह 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में समिति से संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## जलसंकट : पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# ग्रामीणों ने तीन दिन का दिया अल्टीमेटम, फिर करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भीषण गर्मी बढने के साथ ही अब ग्रामीण परेशान होकर जिला मुख्यालय तक पहुंचने लगे है। सोमवार को शहर से लगे ग्राम अंजोरा ढाबा के सैकडों ग्रामीण कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे थे। उन्होने लिखित में जानकारी दी कि, पिछले एक महिने से पेयजल की समस्या बनी हुई है। अफसरों के कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सामाधान तक नही हो रहा हैं। गांव में बोरवेल्स भी सूख गए हैं। ग्रामीणों ने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया हैं, सुधार नही होने पर वे हडताल पर बैठेगें।

अंजोरा ढाबा में हैंडपंप भी कई दिनों से खराब है, जिसे सुधारा नही जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि, बोरवेल्स कराकर सामाधान निकाला जाए। बहरहाल गांव में तीन से चार बोर पीएचई विभाग द्वारा कराए गए है, लेकिन सभी बंद हो गए हैं। अंजोरा ढाबा में ढाई हजार की आबादी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया सिर्फ एक ही बोर है। जिससे सभी ग्रामीण पानी ले रहे है। लेकिन यहां भीड लगने लगी है, कुछ समय चलने के बाद इससे भी कम पानी आने लगता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, निजी बोरवेल्स के जरिए भी ग्रामीण मदद मांग रहे हैं। हरिभूमि ने गांव में जलसंकट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### खास बातें

- गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया जलसंकट
- अंजोरा ढाबा ड्राई क्षेत्र में है शामिल
- पीएचई द्वारा कराए गए चार बोर पहले ही हो चुके हैं फेल

### मिशन की टंकी सात साल से बनकर तैयार, लेकिन सप्लाई नहीं



### गांव में भीषण जलसंकट, ट्यूबवेल सूख गए

दुर्ग शहर से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम अंजोरा ढाबा भीषण जलसंकट से जूझ रहा है। करीब 2500 की आबादी वाले इस गांव में जैसे ही फरवरी की शुरुआत हुई, एक-एक कर सभी ट्यूबवेल सूख गए। अब गांव का एकमात्र चालू ट्यूबवेल ही लोगों की प्यास बुझा रहा है, वह भी पर्याप्त नही हैं। ग्रामीण सुबह से ही अपने घरों से डब्बा, बाल्टी लेकर गांव के इकलौते ट्यूबवेल के सामने लाइन में लगना पड़ता है। ग्रामीणों की माने तो फिर भी मांग पूरी नहीं हो रही।

### पीएचई विभाग की गलती, भुगत रहे ग्रामीण

अंजोरा ढाबा गांव ड्राई एरिया में चिन्हांकित है। इसलिए इस गांव को मिशन के तहत समूह जल योजना में शामिल किया गया है। ऐसे करीब सात गांव है। इन गांव में प्राथमिकता से पीएचई विभाग को कार्य कराना था। लेकिन वर्ष 2024 में बनकर तैयार होने के बाद कार्य अधूरा हैं। यहां सिर्फ 72 फीसदी कार्य हुए हैं। वही 85 फीसदी पाइप लाइन बिछा है। इस गांव में नदी से टंकी तक पानी पहुंचाने की योजना हैं। लेकिन पूरी नहीं हुई है। पीएचई के ईई उत्कर्ष पांडेय ने बताया कि सप्ताहभर पहले ही गांव में बोर कराया गया है।

### आधा दर्जन से अधिक गांव में जलसंकट

जानकारी अनुसार जिले के निकुम, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, अंजोरा ढाबा, ओदरागहन सुरपा और कौही रानीतरई के इलाके ड्राई है। यहां गर्मी में तेजी से जलस्तर गिरता है। इन सभी गांव में नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक पानी पहुंचाने की योजना है। लेकिन प्रोजेक्ट में देरी होने का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं।

# संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त

## सुपेला थाने में नहीं था मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग कोर्ट के न्यायाधीश पीएस मरकाम ने सोमवार को सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने प्रकरण भी समाप्त कर दिया है। कोर्ट में संगीता केतन शाह की ओर से अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी।

- न्यायाधीश पीएस मरकाम ने दिया आदेश

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर संगीता केतन शाह ने संपत्ति विवाद की आशंका के चलते दुर्ग कोर्ट के न्यायाधीश पीएस मरकाम की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कोर्ट ने सुपेला थाने से जवाब मांगा था। सुपेला पुलिस ने कोर्ट को जानकारी दी कि आवेदिका संगीता केतन शाह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध नहीं है। सुपेला पुलिस ने अपनी टीप के साथ कोर्ट में प्रतिवेदन दिया। पुलिस के जवाब के बाद कोर्ट ने पाया कि पुलिस द्वारा आवेदिका की ओर से अग्रिम जमानत आवेदन पत्र पर बल नहीं दिये जाने से निरस्त किया गया। गौरतलब है कि संगीता केतनशाह के खिलाफ पुलगांव पुलिस चौकी में अपराध पंजीबद्ध है। बताया जाता है कि मुंबई की संपत्ति को लेकर विवाद गहराया हुआ है।

### पुलगांव थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

संगीता शाह के खिलाफ सुपेला थाने में कोई मामला दर्ज नहीं था। उनके खिलाफ मामला पुलगांव पुलिस थाने में धारा 420 के तहत दर्ज है। शिकायतकर्ता विशाल केजरीवाल पिता सुभाष केजरीवाल ने पुलगांव थाने में अपराध दर्ज करवाया है। संगीता केतन शाह पर आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 24 पुलगांव दुर्ग खसरा नंबर 145/2 रकबा 0.081 भूमि की राशि विक्रय के नाम पर एक करोड़ रुपए का बयनामा लेकर निष्पादन में हील हवाला कर धोखाधड़ी की जा रही है। पुलगांव पुलिस ने जांच के बाद धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। इस मामले में भी संगीता केतन शाह ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में प्रयासरत है।

### जेई मेंस में गौरव ने किया टॉप

दुर्ग। शांति नगर भिलाई निवासी गौरव सिंह पिता संजय सिंह ने जेई मेंस की परीक्षा में 99.26 प्रतिशत अर्जित किया है। जिससे उनके परिवार में माता युक्ति सिंह ने हर्ष व्याप्त किया है। गौरव सिंह की उम्र मात्र 17 वर्ष है, उनके इस सफलता के लिए परिजन एवं मित्र गणों में हर्ष व्याप्त है।

## विश्व स्वयंसेवक मान्यता दिवस मनाया



दुर्ग। हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा शहर के उरला क्षेत्र में लगातार त्रि-दिवसीय विश्व स्वयं सेवक मान्यता दिवस मनाया गया। जिसमें पहले दिन मोर संगवारी (मितान) की ओर से खिलेश्वर गोस्वामी व साहिल साहू ने जरुरतमंद के कागजी दस्तावेजों हेतु आधारकार्ड, विवाह प्रमाणपत्र, राशनकार्ड संबंधित कार्य करते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान किए। दूसरे दिन नागरिकों के सामाजिक सेवा के संकल्प शिविर में देवनारायण भारद्वाज, पूर्णिमा यादव, ममता सारथी, रामबाई, दुर्गेश साहू, मनोज दास, हेमलता वाहने समाजसेवा हेतु संकल्पित रहें। तीसरें व अंतिम दिन पशुचिकित्सा शिविर में डॉ. धनंजय गुप्ता, डॉ.लीना, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र से श्री सुरेश कुमार साहू, श्रीमती अनुराधा पोयाम, सुश्री नलिनी गायकवाड़, प्रशिक्षु चिकित्सकगण डॉ.वागीश वत्स,डॉ.ऐश्वर्या पत्रा,डॉ.तिरेंद्र चंद्राकर, डॉ.प्रीती पटेल, डॉ.नीला सिंह व अन्य सहायक कर्मियों में दिलेश्वर देवांगन, जगन्नाथ, चित्रा साहू, हिमांशु यादव व महेंद्र रात्रे जी की अमूल्य सहभागिता रहीं। जिसमें सामूहिक प्रयासों से उरला वार्ड 57 व 58 के लगभग 275 पशुओं को लाभान्वित किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ धनंजय गुप्ता ने पशुपालकों जानकारी दी। लाभार्थी क्षेत्रवासियों में उरला के पूर्व पार्षद बृजलाल पटेल, खिलेश यादव, पवन यादव, मीना सिंह, जूही, रईश अंसारी, अभय देवराज व कार्यक्रम संयोजक जयवर्धन समाजसेवी जूटे रहे।

### एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ 24 अप्रैल को

दुर्ग। भारत सरकार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत एनएसएस के 75वे वर्षगांठ के अवसर पर 24 अप्रैल को राजेंद्र पार्क, राजेंद्र प्रसाद चौक के पास जीई रोड दुर्ग में शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एनएसएस के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजन व पंपलेट वितरण कार्यक्रम एवं पौधारोपण किया जायेगा।

## चेंबर आफ कामर्स के प्रति व्यापारियों का और बढ़ेगा विश्वास : राठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश पदाधिकारियों ने विगत दिनों रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण किया। इनमें दुर्ग से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी और प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा ने शपथ ग्रहण किया। चुनाव अधिकारी ने चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थरानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया और दुर्ग जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा को संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, श्रीचंद सुदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, संजय रूंगटा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अमर पारवानी सहित अन्य उपस्थित थे। दुर्ग से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी ने कहा चेंबर सदैव व्यापारी हित में कार्य करती आ रही है। इससे व्यापारियों में चेंबर के प्रति विश्वास और बढ़ गया है। दुर्ग में विभिन्न बाजारों की प्रमुख समस्याओं और व्यापारियों की समस्याओं का एकजुट होकर त्वरित निराकरण करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा ने कहा कि दुर्ग के व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं को प्रशासन के सहयोग से दूर कराने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग से व्यापारी चैनसुख भट्टड़, राधेश्याम भूतड़ा, मेहंदी भाई समनानी, बहादुर अली थारानी, कुलदीप लालवानी, नवल अग्रवाल, किशोर जैन, विनीत खेतान, दिलीप मारोटी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## शंकरनगर में मनी बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्ड 12 शंकर नगर दुर्ग छग के डॉ भीमराव अम्बेडर एकता विकास समिति के द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव आम्बेडकर जयंती को सार्वजनिक जयंती समारोह राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन दुर्ग में किया गया। केक काटकर भव्य रैली वार्ड से निकाली गई, जिसमें कई हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद थी। उसके बाद समिति के द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुष्मान महादेव कावरे (संभाग आयुक्त रायपुर) मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि आयुष्मान दिलीप वासनिकर (विभागीय जाँच आयुक्त) आयुष्मान डॉ केएल टांडेकर पूर्व प्राचार्य दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, आयुष्मान डॉ उदय घाबर्डे (एडिशनल सीएमओ सेक्टर-9 हास्पिटल भिलाई) आयुष्मान अजीत वैद्य (पार्षद वार्ड नं.-12) आयुष्मान कमलेश चौरे, विशेष अतिथि आयुष्मान विजय बोरकर, आयुष्मान राजेन्द्र शेडे, आयुष्मान आदित्य नारंग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष्मान दीक्षित उके एवं धर्मेन्द्र रामटेके के द्वारा किया एवं मंच संचालन आयुष्मान पीयुष वासनिक एवम धर्मेन्द्र रामटेके के द्वारा किया गया।

### छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक संपन्न



दुर्ग। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की बैठक कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह आयोजित करने की तैयारी के संबंध में बैठक हुई। जिसमें डॉ कृष्ण कुमार पाटिल अंतराष्ट्रीय नोबेल प्रतिभा पुरस्कार प्राप्त, संगीत विभूति सम्मान, छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से विभुषित को प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मेघनाथ यादव, ब्रम्हदेव पटेल, प्रदेश संत कुमार केसकर आदि मौजूद थे।

## बंद रास्ता खुलने से बड़ी आबादी को आवागमन में सहूलियत मिलेगी

# दादाबाड़ी से स्टेशन रोड का बंद मार्ग फिर खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्टेशन रोड में दादाबाड़ी जाने के लिए लगभग 10 वर्षों से बंद हो चुका रास्ता अब फिर से खुल जायेगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा किया गया प्रयास अब पूर्णता की ओर है।

- विधायक गजेंद्र यादव के प्रयासों की हुई सराहना

इस रास्ते से बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले नागरिकों को परेशानी को देखते हुए रास्ते को विधिवत पुनः शुरू करने विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा की गई पहल को शासन ने संज्ञान में लिए और सड़क को पुनः शुरू करने सहमति दिए है।

शासन के वित्त विभाग ने प्रभावित को 6 करोड़ मुआवजा राशि देने स्वीकृति मिलने पर विधायक गजेन्द्र यादव पीडब्लूडी के अधिकारियो, क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में स्थल का निरिक्षण किये और बंद सड़क को इसी वर्ष से शुरू करने सभी आवश्यक कार्यवाही त्वरित करने निर्देश दिए। बंद सड़क को पुनः शुरू करने सिंधी कॉलोनी के नागरिकों ने पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी के साथ विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर समस्या बताये थे, जिस पर तत्कालीन कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार, नगर तथा ग्राम निवेश के संचालक, निगम आयुक्त के साथ मौका मुआयना कर बंद रास्ता को विधिवत शुरू करने कलेक्टर को राज्य शासन को मुआवजा संबंधित प्रस्ताव भिजवाकर जनहित से जुड़े मुद्दे पर स्वयं विभागीय मंत्री, सचिव और शासन का ध्यान आकर्षण कराए थे। ताकि वार्ड नं. 24, 25, 26 एवं 27 के नागरिक मालवीय चौक पार कर दादाबाड़ी होते स्टेशन रोड, ग्रीन चौक और बाजार की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए जीवन रेखा सड़क पर आवागमन में सहूलियत मिल सके तथा स्टेशन रोड पर ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित किया जा सके।



### विधायक का जताया आभार

विधायक के प्रयास से वर्षों से बंद सड़क पुनः खुलने की खबर मिलने पर सिंधी कॉलोनी के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर उनकी लंबित मांग को गंभीरता से लेकर पूर्ण कराने पर उनका आभार जताया। इस दौरान पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, अटल गोदवानी, ईश्वर पंजाबी, बादल भवनानी, विनोद अरोरा, परमजीत राजपूत, संजय जैन, प्रफुल दीक्षित, ललित जैन सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### दस सालों से सड़क मार्ग था बंद

गौरतलब है कि, बोरसी, पोटिया, कसारिडीह, सुभाषनगर, पद्मनाभपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले नागरिक मालवीय चौक पार कर स्टेशन रोड सहित आस पास के मार्केट, ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, सिंधी कॉलोनी, संतराबाड़ी की ओर जाने के लिए दादाबाड़ी होते हुए स्टेशन रोड तक जाने के लिए प्रमुख मार्ग है, सड़क की भूमि विवादित होने के कारण लगभग 10 सालों से सड़क को बंद कर आवागमन बाधित कर दिया गया था। ग्रीन चौक, मार्केट, स्टेशन रोड एरिया में जाने के लिए लोगों को राजेंद्र प्रसाद चौक अथवा रेलवे स्टेशन के सामने होकर जाना पड़ रहा है।

# रक्तदान व देहदान करने वालों का किया सम्मान



दुर्ग। महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी द्वारा विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कि 134 वीं जंयती पर रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.मनोज सीएमओ व विशेष अतिथि डॉ.हेमंत साहू सीएस, डा.प्रवीण अग्रवाल ब्लड बैंक नोडल अधिकारी एवं शिविर कार्यक्रम कि अध्यक्षता डा.संजय वालवांद्रे) ने की। संस्था के अध्यक्ष आशीष चौहान ने संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया। संस्था के माध्यम से राजेश गजभिये ने एम्स रायपुर को देहदान करने पर सम्मान किया गया। शिविर में 26 रक्तवीरों ने रक्तदान किया व सभी रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में दिलीप ठाकुर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोशन सिंह, तरूणा भीमटे, टीएस एंथोनी एवं ब्लडबैंक के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा। शिविर में विशेष सहयोग के रूप में डा. विनिता ध्रुव, डॉ.मंजू राठौर, डॉ. जेपी मेश्राम, संजू श्यामकुंवर, संदीप वाहने, दिलीप गजभिये, वंदना ठवरे, स्वर्ण माला तुरकाने, मंजू डे सहित अन्य थे।

## खबर संक्षेप

### विधायक ललित को मातृशोक



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक, राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर का आकस्मिक निधन 21 अप्रैल सोमवार को हो गया। दिवंगत पूर्णिमा चंद्राकर का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए विधायक निवास गजानंद मंदिर के पास आर्य नगर में रखा गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। पूर्णिमा चंद्राकर अपने पीछे विधायक ललित चंद्राकर, अशोक चंद्राकर व पुत्री रिसाली पार्षद सुनन्दा पप्पू चंद्राकर का भरापूरा परिवार छोड़ गयी है।

### बीएसपी का 41वां स्थापना दिवस मनी

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी की 41वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन ग्राम खोपली में किया गया 1 इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन दर्शन को बताया गया तथा उनके उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का संकल्प लेकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया 1 इस अवसर पर जिले के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## निधन

### विजय चंद्र सिंह



**भिलाई।** एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के पूर्व कर्मी, क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य, एकता चौक कैलाश नगर निवासी विजय चंद्र सिंह का सोमवार 21 अप्रैल को बीएम शाह अस्पताल में निधन हो गया वे 70 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 22 अप्रैल को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, 4 पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं वे ट्रांसपोर्टर अनिल सिंह ,सुनील सिंह के पिता थे।

## तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू

# जिस समाज में लोग ज्यादा शिक्षित हैं, उस समाज का उतना ही ज्यादा विकास होगाः पूर्व गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह धूमधाम से ग्राम कोनारी में मनाई गई। भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती के अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वावधान में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का किया गया। कार्यक्रम शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सोनम साहू द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। ग्राम कोनारी में भक्त माता कर्मा के प्रतिमा का पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

साहू ने कहा कि समाज को समाज ही रहने दो, समाज में राजनीति हावी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज का ज्यादा विकास होता है लेकिन आज शिक्षित समाज में कई बुराई सामने आ रही है। सामाजिक संगठन का निर्माण सिर्फ समाज में रोटी-बेटी के फैसला तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। समाज के संगठन तब मजबूत और अच्छा माना जाएगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास होगा। समाज में व्याप्त कुर्तियां, अशिक्षा, बुराई, नशापान दूर हो, समाज के संगठन को इस बात की भी चिंता करनी चाहिए कि समाज में कोई भी बच्चा, लड़की हो या लड़का शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। जिस समाज में लोग ज्यादा शिक्षित हैं वह ज्यादा संगठित हैं और उस समाज का उतना ही ज्यादा विकास होगा। विवाह संस्कार में फिजुल खर्ची को रोकने के लिए आदर्श विवाह एक बेहतर माध्यम है। स्वागत भाषण तहसील साहू संघ अध्यक्ष पुसऊ राम साहू ने कहा कि 22 सालों बाद आज हमारा खुद का तहसील भवन निर्माण हुआ है जो पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के द्वारा किया गया है।

### ये जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंद लाल साहू, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छग शासन दीपक ताराचंद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन सिंह साहू, राजेश साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग दिव्या कलिहारी, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग प्रिया साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत उतई सरस्वती नरेन्द्र साहू, नवनिर्वाचित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग राकेश हिरवानी, अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन दिनेश साहू, अध्यक्ष तह. साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू, अध्यक्ष तह. साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू, सरपंच पंचायत ग्राम कोनारी गुंजेश्वरी पारख साहू सहित तहसील,परिक्षेत्र, ग्रामीण एवं समाज के वरिष्ठ गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन द्रोपती साहू ने की। यह जानकारी तहसील साहू संघ के मिडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने दी।

## शाउमावि विनायकपुर का उत्कृष्ट परिणाम

# कक्षा 9वीं से ईशा और 11वीं कला से चांदनी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिला स्तर पर 26 मार्च से 9 अप्रैल तक तक वार्षिक परिक्षा आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरी मेहनत के साथ परीक्षा को दिया। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत के निर्देशानुसार प्रेमलता योगी ने परीक्षा परिणाम घोषित किया।

जिसमें कक्षा 9वीं से प्रथम ईशा निषाद एवं विवेक देवांगन दोनों ने 90.33 प्रतिशत प्राप्त किए। द्वितीय गरिमा देशमुख 87.33, तृतीय तुलसी साहू 85.83 रहे। इसी प्रकार 11वीं कला से प्रथम चांदनी देशलहरे 79.80, द्वितीय मोनिका पटेल 78.60, तृतीय संध्या देशमुख 52.60 एवं विज्ञान संकाय से प्रथम हिमांशु पटेल 71.80 द्वितीय कौशिता देवांगन 66.80 तृतीय पलक देवांगन 65 एवं वाणिज्य संकाय से प्रथम गोदावरी 86.80 द्वितीय 82 व तृतीय रेशमा 61.60 रहे।

भातेन्द्र गंगराले ने कहा कि विद्यार्थियों कड़ी मेहनत करके परीक्षा परिणाम अच्छा प्राप्त कर सकते है। इस अवसर सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, उषा ठाकुर, ममता तिवारी,लीना जोशी,मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकर, दीपमाला यादव, तरुण साहू संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार एवं कक्षा 9वीं व 11वीं के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित थे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निकुम में बेटियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल निकुम में एनुवेल परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

जिसमें गांव के बच्चों के सपनो को एक नई पहचान व उड़ान मिल रही है। वहीं परीक्षा में बेटियों ने फिर

- **कक्षा 6वीं से धैर्य, 7वीं से अर्पिता, 9वीं से नम्रता प्रथम**

बाजी मारी। जिसमें कक्षा 6वीं में धैर्य बेलचंदन प्रथम, देविका साहू द्वितीय ,कक्षा 7वीं में अर्पिता साहू ने 96.66 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही है। वहीं द्वितीय स्थान वेदिका गजपाल ,कक्षा 9वीं में नम्रता साहू प्रथम व वैशाली चौहान द्वितीय व कक्षा 11वीं में जतीन कुमार भारती व द्वितीय हर्षित चन्द्रकार रहे। इस अवसर पर सेजस निकुम प्राचार्य एके पांडे ने बच्चों से कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत व लगन आवश्यक है। एग्जाम में तैयारी ,अभ्यास करना, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना, रोज समयपर स्कूल व होमवर्क करने की बात बच्चों से कहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्यता व प्रभारी जीएल बंजारे , परीक्षा प्रभारी नेहा पिल्ले व शिक्षक डॉ. दिव्या पवार, साक्षी साहनी, खुशबु मिश्रा, दीपक खतरी, रिया भोयार, मंजूलता देवागन, मनदीप कौर सहित सभी स्टाप ने टापर्स बच्चों को बधाई देकर मुंह मीठा कराया।

## अंचल की खबरें

### अक्षर शिल्पी सम्मान से सम्मानित हुए विरेंद्र



**पाटन।** युवा साहित्यकार विरेंद्र कुमार साहू शिक्षादूत वीर को रचनाकार शिल्पी सम्मान से सम्मानित वक्ता मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश की सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था रायपुर के द्वारा किया गया। विरेंद्र साहू ने अपनी लेखनी के माध्यम से हिंदी, छत्तीसगढ़ी में कहानी बालगीत लेखन किया जा रहा है। साहू की रचनाएं अखिल भारतीय साक्षा संकलन कोरोना, रेणु कृत काव्य संग्रह साक्षा संकलन इंकलाब पब्लिकेशन, किलोल पत्रिका, इंद्रधनुष पत्रिका जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा, सृजनशील शिक्षकों की वार्षिक पत्रिका अपराजिता में शामिल है। स्कूल में भी गीत कविता कहानियां के माध्यम से बच्चों में गुणवत्ता लाने एवं सृजनात्मक कौशल को विकसित करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कलमकार सम्मान वक्ता मंच, शिल्पी सम्मान वक्ता मंच, राज रचना कला व साहित्य परिषद रायपुर, इंकलाब पब्लिकेशन मुंबई, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग ने सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।

### छग में दम तोड़ रहा मनरेगा कानून : केशव



**अंडा।** गरीब जरूरतमंद लोगों को सौ दिनों का रोजगार मुहैया कराए जाने के उद्देश्य में 7 सितंबर 2005 को तात्कालिक केन्द्र की यूपीए सरकार द्वारा लागू की गई। जनकल्याणकारी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अब छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के राज में दम तोड़ते नजर आ रही है। उक्त बातें श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख ने कहा कि इस बार के बजट में राज्य सरकार ने न तो इस योजना के लिए कोई प्रावधान किया है और न ही मनरेगा मजदूरों के लिए कोई नया बजट में शामिल नहीं किया है। जिससे प्रदेश सहित जिले के कृषक मजदूरों के साथ मनरेगा के मजदूरों कर्मचारियों में भारी निराशा देखने को मिल रहा है।

### डुन्डेरा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन



**उतई।** ग्राम डुन्डेरा में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी पोषणा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। बच्चों और महिलाओं में कुपोषण को दूर करना और पोषण संबंधी सुधारों पर जागरूकता लाना है। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारीडॉ.विजेयता वर्मा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष डुंडेरा ने पोषण पखवाड़े की मुख्य थीम जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्र में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, उसकी पोषण की जरूरत बढ़ती जाती है। हेल्दी डाइट लेने से बच्चे को एनर्जी मिलती है, हड्डियां और दांत मजबूत बनते हैं, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, वजन संतुलित रहता है और दीर्घकालिक बीमारियों से बचाव मिलता है। साथ हि बताया कि जब बच्चा कम उम्र से ही खराब डाइट लेता है, तो इसकी वजह से उसके अंदर जरूरी विटामिनों और पोषक तत्वों जैसे कि विटामिन ए की कमी हो सकती है। इससे बच्चों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। उनकी आंखों की रोशनी कमजोर हो सकती है और दस्त जैसी अन्य बीमारियों से मृत्यु भी हो सकती है। जिसके लिए चिकित्सक डॉ. वर्मा ने बताया कि आयुर्वेदिक दिनचर्या, आयुर्वेदिक आहार विहार तथा आयुर्वेदिक तरिके से बच्चों के रोगों को दूर करने के तरीके बताए। बच्चों को स्वर्ण प्राशन एवं अन्न प्राशन कराया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता देवांगन व सुपरवाईजर शिल्पा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन दिए जाने वाले पोषण आहार और इस संबंध संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। एनएम ललिता चौधरी ने बच्चों व गर्भवती महिलाओं को लगने वाले टीके की जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीना यादव एवं अन्नपूर्णा कौशिक, सहायिका हुलसी साहू, हेमलता साहू , दिलेश्वरी साहू, तुलसी यादव आदि मौजूद थे।

### पोषण आहार से बदली बच्चे की सेहत



**पाटन।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना जामगांव एम कुपोषण मुक्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायत बठेना सेक्टर सिकोला परियोजना जामगांव अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक बठेना 2 का बच्चा राम धीवर जो मध्यम कुपोषित की श्रेणी में है। फरवरी माह में बच्चे का वजन 11.800 ग्राम रहा है। राम खाने में दुकान का पैकेट वाला खाना चिप्स, कुरकुरे एवं घर पर चाय पीने का आदी था, जिसके कारण उसे उसका वजन सामान्य की तुलना में कम था। कुपोषण मुक्ति के लिए चयनित ग्राम में पालक बैठक में सेक्टर पर्यवेक्षक अंजुम द्वारा चिप्स कुरकुरे आदि न खाने के स्थान पर पौष्टिक आहार और घर के बने भोजन करने की सलाह दी गई। जो रोज की दिनचर्या के लिए कुछ आवश्यक पोषक तत्वों की अत्यंत आवश्यकता होती है। यह सामान्य भोजन से नहीं मिल पाती है इसके लिए नाश्ता के रूप में फूटा चना ,भींगा फ़ल्ली दाना , अंकुरित मूंग, गुड़ और तिल के लड्डू का नियमित प्रयोग करते है तो शरीर में खून की कमी के साथ साथ कैल्शियम की कमी की भी पूर्ति होती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गोदावरी साहू द्वारा समय-समय पर गृह भेंट के माध्यम से राम की माता को समझाइए दी गई। दुकान के पैकेट आदि सामान बच्चों को न खिलाएं और घर का बना और खाना खिलाए। आंगनबाड़ी केंद्र में भी बच्चे को चना ,फल्ली ,गुड़ , रेडी टू ईट नाश्ता एवं गरम भोजन तथा बाल संदर्भ में दवाई उपलब्ध कराई गई। साथ ही सप्ताह में दो दिन आयरन सिरप भी पिलाया जा रहा है। फलस्वरुप बच्चों के वजन में वृद्धि हुई है वर्तमान में बच्चे का वजन 12.200 ग्राम है।

## बिजनेस साइट

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा में श्रीशंकरा विद्यालय सेक्टर- 10 की उपलब्धि



**भिलाई।** श्रीशंकरा विद्यालय सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने परीक्षा (जेईई मेंस) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जिसमें आयुष दुबे (98.29), अयान ताम्रकर (96), अनुपम सिंह (95.76), निखिल गवेल (94.6) वाय.मुकुल (93.75), तुषार हिरवानी (86.46), विनी वर्मा (81.75), प्रथा सिन्हा (80.51), वान्या अंगारे(78.6). प्राचार्य बिपिन देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस. स्वामीनाथन तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों और सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर उन्हें बधाई दी। विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### फायर सेफ्टी डिजास्टर भिलाई के छात्रों के सपने हो रहे साकार



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (निजी संस्थान) के द्वारा छात्र-छात्राओं को 1 वर्ष पाठ्यक्रम फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा करवाया जा रहा है। छात्र मोहम्मद रिहान अहमद ने भी संस्था से एक वर्ष पाठ्यक्रम अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त कर भिलाई स्टील प्लांट में सेफ्टी ऑफिसर ठेकेदार कंपनी प्लास्टोकेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार को संभाल और उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में एसएमएस-3 के सीजीएम पीके सिंह एंव एसएमएस-3 की विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस मैडम के द्वारा सम्मानित किया गया।

# धमधा जनपद क्षेत्र में सरपंच संघ के अध्यक्ष बने मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा जनपद पंचायत परिसर में बीते सोमवार सरपंचों की बैठक रखी गई। जिसमें धमधा जनपद के सरपंचों ने धमधा जनपद मुख्य

- **शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांवों में पहुंचाना**

कार्यपालन अधिकारी किरण कौशिक से बातचीत किया। नव निर्वाचित होने के चलते कई सारी समस्याओं से अवगत कराया और मार्गदर्शन लिया। वहीं सभी सरपंचों ने जनपद परिसर में अपने संघ की घोषणा की। जिसमें राहटादाह के सरपंच मनीष राजपूत सरपंच संघ धमधा के अध्यक्ष सर्व सहमति से चुने गए। वहीं सरपंच संघ के उपाध्यक्ष गौरव मढ़रिया सरपंच डोमा, हेमंत कुमार सरपंच पंचदेवरी, लोमेश साहू सरपंच गोता, लीकेश्वरी चंदेल हीरेतरा बनाए गए। कोषाध्यक्ष भीखम साहू सरपंच नवागांव,महासचिव राहुल कुमार साहू सांकरा,मंत्री सीमा चुरेंद्र सरपंच कंडरका , केजिया ठाकुर सरपंच दारगांव , सरिता पटेल सरपंच खिलोरकला,नामेश्वरी पटेल सरपंच भाटाकोकडी ,पूनम रूपेंद्र दिल्लीवार सरपंच फुंडा, हेमिन समयलाल नेताम सरपंच मोहलई,हेमराम सिन्हा सरपंच आगार को बनाया गया। संघ के संरक्षक सुखनंदन प्रसाद वर्मा सरपंच गाड़ाघाट ने बताया कि सरपंच संघ का समय-समय पर और भी विस्तार किया जाएगा। गांव-गांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को संघ के माध्यम से विकसित किया जाएगा। सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल, डॉ. जय सिंह राजपूत, पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने मनीष राजपूत को बधाई दिया। इस मौके पर क्षेत्र के 55 से 60 सरपंच मौजूद रहे।

# दुर्ग संभाग से 36 और जिले के 6 व्याख्याता जाएंगे पुणे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पीएम श्री योजना के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ चरण के विद्यालयों से दुर्ग संभाग के 36 और दुर्ग जिले के 6 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान ' पुणे जाएंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएम श्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता' भविशि एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय,समग्र शिक्षा छग रायपुर के द्वारा ,पी एम श्री योजना के अंतर्गत, शिक्षकों की गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में क्षमता विकास हेतु आयोजित की जा रही है । इस कार्यशाला में आशीष गौतम, पीएम श्री समन्वयक, छत्तीसगढ़,के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम आगामी 25 अप्रैल को पुणे प्रस्थान करेगी।

कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे। कार्यशाला में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। दुर्ग संभाग से राजनांदगांव, बालोद ,बेमेतरा, दुर्ग, कवर्धा,खैरागढ़, छुईखदान, मोहला मानपुर चौकी जिलों के 36 व्याख्याता भागीदारी देंगे। जिले से अपने विद्यालय के गणित, रसायन, जीवि में सक्रिय 6 व्याख्याताओं का चयन इस कार्यशाला के लिए किया गया है।

### चित्रकला प्रदर्शनी 24 अप्रैल से



**भिलाई।** भिलाई निवासी चित्रकार गौतम सिल के चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन 24 से 26 अप्रैल तक किया गया है। नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित इस प्रदर्शनी में गौतम सिल द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी की जाएगी। बता दें कि भिलाई में पले बढ़े गौतम सिल बैंक ऑफ इंडिया से वरिष्ठ प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें पेंटिंग में बचपन से ही रुचि थी। वे पिछले 37 वर्षों से बच्चों को चित्रकाला सीखा रहे हैं। भिलाई में उनकी यह पहली प्रदर्शनी है।



*हरियाली के मामले में इस्पात नगरी न सिर्फ दुर्ग जिला में बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नंबर वन है। टाउनशिप में लगाए गए लाखों हरभरे पेड़ों की वजह से गर्मी के मौसम में तापमान कम होने के साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहता है। एक ही शहर के एक हिस्से में ठंडा ठंडा कूल कूल तो दूसरे भाग में तपिश अपने पूरे चरम पर होती है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।*

# टाउनशिप है ठंडा-ठंडा कूल-कूल और पटरीपार गर्मी के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

खास खबर

उल्लेखनीय है कि इन दिनों जब गर्मी अपने तेवर दिखा रही है तो एक बार फिर सरकार और एनजीओ से लेकर पर्यावरणविद वृक्षारोपण पर जोर दे रहे हैं। जन्म दिन पर एक पौधा बतौर उपहार लगाने और प्रधानमंत्री के नाम एक पेड़ लगाओ जैसे हरितिमा के जागरुक अभियानों को आगे बढ़ाने की चर्चा हो रही है। इस मामले में बीएसपी टाउनशिप वर्षों से पूरे राज्य में मांडल बना हुआ है। टाउनशिप के लाखों दरख्त गर्मी की आफत से थोड़ी राहत दिलाने में कारगर साबित हो रहे हैं। जबकि पटरीपार ड्राइ एरिया होने से अधिक तापमान की चपेट में होता है। इस्पात नगरी में भिलाई इस्पात संयंत्र स्थित होने और टाउनशिप को हराभरा रखने के लिए वर्षों से चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत लाखों पेड़ लगाए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक पूरे टाउनशिप में 22 लाख पेड़ लगाए गए हैं। दल्ली राजहरा माइंस एरिया मिलाकर कुल 42 लाख पेड़ लगे हैं। यह पूरे राज्य में एक रिकार्ड है। यहां लगे लाखों पेड़ों की वजह से टाउनशिप का टेंपरेचर पटरीपार इलाके से करीब दो डिग्री कम होता है। इतना ही नहीं यहां बारिश भी अधिक होती है। हर साल मानसून के पूर्व टाउनशिप में अभियान चलाकर हजारों पौधे लगाए जाते हैं। बीएसपी के उद्यानिकी विभाग, वन विभाग और वन विकास निगम की इस पहल का लाभ भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिपवासियों को प्रदषण नियंत्रण के साथ गर्मी के मौसम में कम गर्मी के रुप में मिल रहा है।

## टाउनशिप में लगे हैं 22 लाख पेड़

### वर्षों की मेहनत का फल

बीएसपी टाउनशिप में बीएसपी की स्थापना के बाद से ही पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। 1994 तक वन विभाग फिर बीएसपी के उद्यानिकी विभाग ने वन विकास निकम के साथ इस अभियान के तहत लाखों पौधे लगाए। इनमें करंज, अशोक,नीम, आम,बकूल, गुलमोहर, बेल, अगेसिया, जामुन, इमली आदि पचास से अधिक प्रजातियों के लगे पेड़ों से इस्पातनगरी की खूबसूरती भी बनी हुई है। बीएसपी उद्यानिकी विभाग के प्रमुख डा. एनके जैन बताते हैं कि इस्पातनगरी की सघन हरियाली प्रबंधन और वन विभाग के वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है। अन्य क्षेत्रों और शहरों में भी इसी तरह सघन



**निगम क्षेत्र है ड्राईएरिया, गर्मी अधिक:** गर्मी के मौसम में एक ही शहर के दो रिहायशी क्षेत्रों में तापमान में फर्क लोगों के लिए हैरत का विषय है। पटरीपार में दो डिग्री तापमान अधिक होता है। पर्यावरण से जुड़े लोगों के मुताबिक इसकी वजह पटरीपार यानी नगर निगम क्षेत्र हरियाली के मामले में एक ड्राई एरिया के रुप में जाना जाता है। इस इलाके में नगर निगम और अन्य एजेंसियां पौधारोपण को लेकर उतनी गंभीर नहीं हैं, जितनी बीएसपी है। पटरीपार में पिछले वर्षों में हरेली जगार या अन्य कार्यक्रमों में कई स्थानों पर लगाए गए पेड़ आज नष्ट हो चुके हैं। इसका खामियाजा लोगों को भीषण गर्मी में अधिक तापमान के रुप में भुगतना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### सकारात्मक छवि में निर्माण: प्रियदर्शी

**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर 'एक सार्थक चर्चा' संवाद का का कार्यक्रम जनसंपर्क सभागार में आयोजित किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षु भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक गण अपर्णा चंद्रा, जवाहर बाजपेयी, शरद निगम,एम श्रीनिवास, सुभाष पटेल, उप प्रबंधक जितेन्द्र दास माणिकपुरी, कनिष्ठ प्रबंधक विवेक सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रियदर्शी ने कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि यह संस्था और समाज के बीच विश्वास, संवाद और पारदर्शिता का सेतु है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम जनसंपर्क प्रणाली संस्था की सकारात्मक छवि के निर्माण में अहम योगदान देती है। श्री तिवारी ने बीएसपी के जनसंपर्क विभाग में अपने 35 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वक्त के साथ उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। विशेष रूप से सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपस्थिति ने इस क्षेत्र को नई दिशा और धार दी है। अपर्णा चंद्रा ने जनसंपर्क के सामाजिक और संगठनात्मक महत्व की भूमिका को रेखांकित किया।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**उतई।** उतई पुलिस ने घेराबंदी कर बाबापारा उतई से स्कूटी चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। साईं कॉलोनी निवासी हेमराज जैन ने 12 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि सीजी 07 बीके 3278 को अमृत ट्रेडर्स किराना दुकान के पास उतई से अज्ञात ने चोरी कर ली थी। चोर के बारे में जानकारी जुटाने से पता चला कि एक व्यक्ति बाबापारा उतई के पास एक्टिवा रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पुलिस को देखकर आरोपी भागने के फिराक में था। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम दीपक पिता तेजराम ठाकुर उम्र 22 वर्ष बताया। वह काली मंदिर के पास न्यू खुर्सीपार का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी, एएसआई नरेन्द्र सोनी, आरक्षक ध्रुव नारायण चन्द्राकर, सुरेन्द्र सिंह चौहान, दुष्यंत लहरे की भूमिका अहम रही।

*सूखने लगे हैं बड़े जलाशयों के कंठ*

*तांदुला में मात्र 21.69 प्रतिशत पानी, मड़ौदा टैंक में महीने भर के लिए बचा है पानी*

# गर्मी बढ़ने के साथ ही बीएसपी में बढ़ेगा पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही जिला के साथ भिलाई में भी पानी की किल्लत शुरु हो गई है। जलाशयों और भू जल स्त्रोतों में जल स्तर तेजी से कम हो रहा है। यदि गर्मी इसी तरह तेवर दिखाती रही तो आगे निगम क्षेत्र के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र को भी जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल बीएसपी के पास महीनेभर का पानी स्टोरेज है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। मौसम विभाग द्वारा इस बार भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताते हुए जल संरक्षण की अपील की गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही शिवनाथ नदी और जल स्त्रोतों के साथ बड़े बांधों का जल स्तर कम होने लगा है। तांदुला जलाशय, गोंदली, खरखरा, खपरी सहित बीएसपी के जलाशय मड़ौदा टैंक में भी जल स्तर लगातार कम हो रहा है। बालोद जिला के तांदुला टैंक में मात्र 21.69 प्रतिशत,गोंदली- 42.94 प्रति, खरखरा टैंक- 22.72 प्रति, खपरी-56.63 प्रतिशत और मड़ौदा टैंक में 44.01 प्रतिशत पानी बचा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही जलाशयों का जल स्तर और कम होता जाएगा। अगले महीने नवतपा की भीषण गर्मी पड़ेगी। इससे घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र में भी जल संकट बढ़ेगा। यदि डब्ल्यूआरडी ( वाटर रिसोर्सेस डिपार्टमेंट विभाग, जल संसाधन) ने सजगता और प्राथमिकता नहीं दिखाई तो सबसे ज्यादा दिक्कत निगमों के बाद बीएसपी को हो सकती है। क्योंकि बीएसपी के लिए पानी की सप्लाई छग शासन के जल संसाधन विभाग शिवनाथ मंडल द्वारा तांदुला जलाशय (पं.रविशंकर सागर परियोजना गंगरेल बांध धमतरी)और खरखरा से होती है। तांदुला में वर्तमान में मात्र 21.19 प्रतिशत पानी बाकी है। बीएसपी को 130 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की जरुरत पड़ती है। वर्तमान में बीएसपी के पास एक महीने का पानी उसके मड़ौदा टैंक में स्टोरेज है। यानी मड़ौदा टैंक की निर्धारित क्षमता दो महीने (31.96 सीसीएम) से आधा पानी स्टोरेज है, जो प्लांट और टाउनशिप लिए अभी पर्याप्त है लेकिन आगे नवतपा सहित दो महीने भीषण गर्मी पड़ने से संकट बढ़ सकता है ।



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### बीएसपी को 130 क्यूबिक मीटर पानी का अनुबंध

जल संसाधन विभाग शिवनाथ मंडल दुर्ग से बीएसपी को पानी सप्लाई के लिए बीएसपी प्रबंधन के साथ हुए अनुबंध के मुताबिक करीब 130 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी दिया जाना है। लेकिन कई बार ऐसा हुआ है, जब बीएसपी को अनुबंध के बाद भी तांदुला से कम पानी छोड़ा गया है। इसकी वजह जल संसाधन विभाग की अन्य डोमेस्टिक एरिया में प्राथमिकता को महत्व देना बताई जाती है। वहीं बीएसपी जल संसाधन विभाग को गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता और मांग के लिए ध्यानाकर्षित करता रहा है। इस साल भी विभाग को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। दूसरी ओर बीएसपी निर्माणाधीन शिवनाथ परियोजना के तहत नदी से जलापूर्ति के लिए भी प्रयासरत है। लेकिन निर्माण में अभी कुछ वक्त लगेगा। प्रबंधन द्वारा टाउनशिप से पानी के सद्पयोग और कर्म खर्च करने की अपील की है।

### दो से चार दिन में भिलाई पहुंचता है पानी

बीएसपी के लिए पानी की सप्लाई बालोद जिला के तांदुला बांध और खपरी जलाशय से होती है। तांदुला में धमतरी के गंगरेल से पानी आता है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक तांदुला जलाशय से बीएसपी के मड़ौदा टैंक तक पानी आने में दो से चार दिन का समय लगता है। यदि तांदुला से पानी अधिक छोड़ा गया तो वेग अधिक होने से यहां करीब दो दिन और कम छोड़ा गया तो प्रवाह कम होने से चार दिन लगेंगे। तांदुला नहर की लाइनिंग जर्जर होने से भी करीबन 30 प्रतिशत पानी मिट्टी सोख लेती है या कैचमेंट एरिया से यहां आते तक नष्ट हो जाता है। उल्लेखनीय है कि तांदुला बांध से मिलने वाले पानी का उपयोग इंडस्ट्रियल और डोमेस्ट्रिक उपयोग के लिए होता है। यानी प्लांट संचालन और टाउनशिप में पेयजल के लिए इस्तेमाल होता है। ऐहतियात के तौर पर बीएसपी पिछले कुछ साल से टाउनशिप में एक ही टाइम पानी सप्लाई कर रहा है। लोगों से भी पानी के किफायती उपयोग की अपील की जा रही है।

### जलाशयों के जल स्तर पर नजर रख रहे

गर्मी बढ़ने के साथ ही जलाशयों के कम रहे जल स्तर का ध्यान रखा जा रहा है। तांदुला और खरखरा सहित पांचों बांधों का जल स्तर कम हुआ है। जिले में पेयजल के साथ सिंचाई के लिए भी पानी छोड़ा गया है। बीएसपी को तांदुला के अलावा शिवनाथ नदी से भी पानी दिए जाने के लिए एक योजना बनाई गई है। 130 घन मीटर पानी दिया जाना है।

**-डीएल शुक्ला,** एसडीओ, जलसंसाधन विभाग दुर्ग

*रिकेश सेन पहुंचे महादेव कॉलोनी*

# नशाखोरी की शिकायत के बाद संचालक को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन सोमवार की रात जुनवानी स्थित महादेव कॉलोनी के निरीक्षण को पहुंचे। स्थानीय महिलाओं ने उनसे कॉलोनी में टेनिस कोट, क्रिकेट ग्राउंड की आड़ में नशाखोरी, हुक्का बार सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियां होनी की शिकायत की। रिकेश ने स्मृतिनगर पुलिस चौकी प्रभारी को नियमतः कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि टेनिस कॉम्प्लेक्स संचालक को तत्काल तलब किया जाए। उन्हें किस आधार पर अनुमति दी गई है। सुबह कितने बजे से रात कितने बजे तक कॉम्प्लेक्स खुलना है, इसके बारे में जानकारी ली जाए। संदिग्ध गतिविधियां होने पर तत्काल सीलबंद की कार्रवाई की जाए। इस मामले को लेकर रिकेश सेन ने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी, महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है, तो वे सीधे मुझसे संपर्क कर सकती है। तत्काल उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

*सीटू यूनियन ने बीएसपी से की सुधारने की मांग*

# दस माह बाद भी नहीं दुरुस्त हुआ बायोमेट्रिक

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। 10 महीना बीतने के बाद भी कर्मियों को उपस्थिति को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचिंग में तकनीकी गड़बड़ी के चलते परेशानी हो रही है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि एक कर्मी रात्रि पाली में ड्यूटी आकर रात 9:50 बजे पंचिंग किया एवं सुबह 6:05 बजे पंचिंग करके घर चले गए उन्हें सामान्य पाली में फिर से ड्यूटी आना था वह सामान्य पाली में ड्यूटी आकर सुबह 8:55 बजे पंचिंग किए उसके बाद वाले दिन जब ड्यूटी जाकर उन्होंने अपना अटेंडेंस चेक किया तो पाया कि नाइट शिफ्ट वाले दिन सुबह घर जाते समय पंचिंग आउट टाइम सुबह 6:05 बजे के बजाय सुबह 8:55 बजे का समय दर्ज हो गया है।कर्मियों की यह शिकायत लगातार आ रही है कि कई कर्मी एडवांस में छुट्टियां नहीं भर पा रहे हैं। कभी-कभी तो छुट्टी लेने के बाद भी उन छुट्टियों को बायोमेट्रिक सिस्टम में अप्लाई करने के लिए कार्मिक अथवा अन्य अधिकारियों को बार-बार बोलना पड़ता है कभी-कभी कांबिनेशन छुट्टियां में भी दिक्कतें आ रही है।यूनियन के के मुताबिक बायोमेट्रिक सिस्टम को खोलने के साथी चकरी घूमने आम बात हो गई है। विभागीय अधिकारियों से पूछने पर बताया जाता है कि नेटवर्क अथवा सॉफ़्टवेयर का प्रॉब्लम है इतने बड़े सिस्टम के कारण नेटवर्क स्लो हो जाता है।

# रायपुर पावर स्टील ने रसमड़ा में चलाया स्वच्छता अभियान



**भिलाई ।** रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड (आरपीएसएल) प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत रसमड़ा में शनिवार को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। संस्थान द्वारा रसमड़ा में सड़क की सफाई आधुनिक मशीन से की जा रही है। सफाई अभियान के दौरान सरपंच, जन प्रतिनिधि और रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड की ओर से प्रबंधन के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड के महाप्रबंधक आरएस पांडेय (एचआर) ने बताया कि संस्थान द्वारा आगे भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# गदा चौक देसी शराब दुकान हटाने आप ने थाली बजाकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



सुपेला गदा चौक के पास स्थित शराब भट्टी को स्थांतरित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सोमवार को इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर थाली बजाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अभिजीत सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। आप ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा के अंतर्गत स्थित गदा चौक में देसी शराब भट्टी का संचालन लंबे समय से हो रहा है। मुख्य मार्ग होने की वजह से महिलाओं का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने 9 महीने पहले वादा किया था कि इस दुकान को हटाया जाएगा, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे अपने वादे को भूला बैठे हैं। इस शराबद दुकान की वजह से अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। लक्ष्मी मार्केट सुपेला से शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर रहवासियों ने कई बार मांग की, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मेहरबान सिंग, विधान सभा अध्यक्ष हरचरण सिंग अविनाश और लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत प्रमुख रूप से शामिल रहे। मेहरबान सिंह ने कहा कि, लक्ष्मी मार्केट से शराब दुकान हटाने को लेकर काफी समय से आंदोलन जारी है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

*बोर्ड के अध्यक्ष बनने के बाद अधिकारियों की ली बैठक*

# खादी वस्त्रों की बेहतर तरीके से मार्केटिंग वेबसाइट को किया जाएगा अपडेट: पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने पदभार ग्रहण करने के बाद कंकाली पारा स्थित गांधी भवन में खादी तथा ग्रामोद्योग मुख्यालय द्वारा संचालित कार्य योजना का अवलोकन किया। उनके द्वारा बोर्ड में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप खादी एवं ग्रामोद्योग के कार्यो को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में खादी वस्त्रों की ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमो से मार्केटिंग की जाए। ताकि लोगों का झुकाव बढ़े। वे अपनी पुरानी संस्कृति की ओर आकर्षित हों। उन्होंने कहा कि खादी का नाम लेते ही पूज्य बापू का स्मरण होने लगता है। महात्मा गांधी ने स्वयं खादी को अपनाकर तथा चरखा चलाकर हर व्यक्ति को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसके माध्यम से संदेश दिया कि स्वावलंबी बनने के लिए हर व्यक्ति के हाथ में काम होना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया। इसी का अनुसरण करते हुए हमें भी अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कर ग्रामीण अंचलों में रोजगार के अवसर प्रदान करने हैं। डिजिटलाईजेशन एवं नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए विभागीय वेबसाइट को और अधिक आकर्षक बनाना होगा।





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



शादी में पहनने के लिए...


## लाइव इवेंट

### स्टूडेंट्स और युवाओं में कम्यूनिकेशन स्किल डेवलप करने दिए टिप्स




■ सिकासा का सॉफ्ट स्किल इनहैंस्ड प्रोफेशनलिस्म विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

**भिलाई।** आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में सिकासा (सीआईसीएएसए) भिलाई शाखा द्वारा सॉफ्ट स्किल इनहैंस्ड प्रोफेशनलिस्म विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीआईआरसी के चेयरमैन अंकुर कुमार गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद थे। वाइस चेयरमैन दिनेश कुमार अग्रवाल विशेष अतिथि थे। मोटिवेशनल स्पीकर मिताली सिंह ने विद्यार्थियों और युवा सदस्यों को प्रभावी सॉफ्ट स्किल्स, प्रोफेशनलिज़्म एवं कम्युनिकेशन स्किल्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।भिलाई शाखा के चेयरमैन राजेश बाफना, सचिव प्रभजीत सिंह जग्गी, वाइस चेयरमैन सुखदेव राठी, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, प्रतीक अग्रवाल, तलबिंदर सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

## सिटी इवेंट

### अग्रवाल संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक खुर्सीपार में, बैठक को लेकर तैयारी शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक 27 अप्रैल को अग्रसेन भवन खुर्सीपार में होगी। इसे लेकर संगठन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। संरक्षक नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्थानीय पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि संगठन की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की आवश्यक मीटिंग होने जा रही है। इस मीटिंग में प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने हेतु खुर्सीपार में प्रमुख पदाधिकारी का उपस्थित हुए। इसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं संरक्षक महेंद्र सक्सेरिया ने बैठक के बारे में जानकारी दी। अग्रवाल सेवा समिति खुर्सीपार के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं महासचिव रतनलाल अग्रवाल ने कहा कि मीटिंग में पूरे प्रदेश से अग्रवाल बंधु हमारे भिलाई भवन में पधारेंगे। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। कोषाध्यक्ष पंकज कृतिका एवं शिरीश अग्रवाल ने कहा कि आयोजन ने बताया कि सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया एवं महिला मंडल की कार्यकारी अध्यक्ष हेमलता मित्तल ने बताया कि महिला एवं युवा विंग की अलग से मीटिंग ली जा रही है। ताकि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग आयोजन में शामिल हो सकें। तैयारियों को लेकर हुई बैठक में अजय खेतान, भिलाई से यूथ क्लब अध्यक्ष अनूपअग्रवाल, राम भगत अग्रवाल, उमा शंकर, अशोक बंसल, तोताराम अग्रवाल, संतोष चरोदा उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### मरार पारा में हमर क्लीनिक, 6 वार्ड की 10 हजार आबादी को मिलेगा मुफ्त इलाज



**दुर्ग।** मरार पारा वार्ड 5 में हमर क्लीनिक खोला गया है। इस क्लीनिक के खुलने से आसपास के 6 वार्डों की 10 हजार आबादी को मुफ्त इलाज मिल सकेगा। प्रमुख जांचें भी निशुल्क होंगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने इसका भूमिपूजन किया था। पार्षद विजयंत पटेल ने इसे मोहल्लेवासियों को समर्पित किया। क्लीनिक के बनने से शीतल नगर, गिरधारी नगर ,गया नगर, मठपारा, बैगा पारा ,गोवर्धन चौक, मरारपारा, शिक्षक नगर निवासियों को इलाज के लिए अब जिला अस्पताल जाने की जरुरत नहीं होगी। सामान्य बीमारी पीड़ित मरीज इस क्लीनिक में ही इलाज करा सकेंगे। इसे शहरी आरोग्य मंदिर नाम दिया गया है। आयोजित कार्यक्रम में राजू पटेल, रवि शंकर दुबे, शत्रुघ्न गुरु, नरेश सोनी, श्यामलाल पटेल, धनु यादव, दिनेश यादव, सोनू महाराज, सुरेश गुप्ता, रवि सोनी, विजय ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

● आनंद सरोवर बघेरा में नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

# राजयोग पवित्रता, सुख, शांति का मार्ग, वाणी में संयम से मिलती है सफलता, जनप्रतिनिधियों के स्वागत में नृत्य

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा के आनंद सरोवर में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा जनता ने हमें अत्यंत ही विश्वास से चुना है, तो हमें अपनी वाणी में संयम रखने की बहुत आवश्यकता है। संसार में आध्यात्मिकता को सभी मनुष्यों के जीवन में सुख-शांति का संचार करने का जो कार्य ब्रह्माकुमारी बहनें कर रही है, वह काफी सराहनीय है। आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग, धमधा और गुंडरदेही ब्लॉक के समस्त जनपद अध्यक्षों, जनपद सदस्यों व सरपंचों सम्मानित किया गया।

**दुर्ग।** कार्यक्रम का संचालन दाऊ राम ने किया। उन्होंने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व के 140 से भी अधिक देशों में आध्यात्मिकता द्वारा जीवन में मूल्यों की धारणा कैसे करें इसका संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर अतिथियों के स्वागत में युक्ति, चंद्राणी, मौसमी, परिधी ने नृत्य की प्रस्तुति दी। वादियां चरण जो आपके पड़े... गीत और नृत्य से सभी का मन मोह लिया। बालोद जिला पंचायत की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि यहां हम सभी को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बुलाया, इसके लिए सभी का आभार। जिला पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि संस्था की जो सोच है, स्वयं को आत्म निश्चय कर परमात्मा से संबंध जोड़ परमात्मा से सर्व शक्तियां ले स्वयं को, परिवार, समाज, ग्राम देश व समग्र विश्व को सशक्त व खुशहाल बनाएं यह बहुत अच्छी सोच है। रीटा बहन ने कहा कि बहुत खुशी व आनंद का दिन है, जो मंच पर उपस्थिति अतिथिगण व सभा में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि साथ है। किसान जो है समग्र विश्व के लिए दूसरा भगवान का रुप है, क्योंकि जीवन जीने के लिए आवश्यक है। भोजन और उसके उत्पादन की जिम्मेदारी भगवान ने आपको दी है। कार्यक्रम में धमधा जनपद उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, संस्था की संचालिका रीटा बहन रूपाली सहित अन्य मौजूद थे।



### राजयोग ऐसा पथ जो सभी को श्रेष्ठ मंजिल तक पहुंचाता है

आदर्श जनप्रतिनिधि उसे कहेंगे जिनके जीवन में नैतिक मूल्यों की धारणाएं हैं। राजयोग ऐसा पथ है जिससे हम स्वयं ही श्रेष्ठ मंजिल पर नहीं पहुंचते अपितु सभी को श्रेष्ठ मंजिल पर पहुंचाते हैं।

यौगिक खेती की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अगर पौधों को पवित्रता, सुख, शांति प्रदान कराया जाए, तो उसे वे मनुष्यों से अधिक जल्दी ग्रहण करते हैं। हम जीवन में कितनी ही भौतिक चीजें इकट्ठी कर लें, किन्तु हमारे साथ हमारे श्रेष्ठ कर्मों की पूंजी ही साथ जायेगी। रुपाली बहन ने कहा कि जहां दवा काम नहीं करती वहां दुआ काम करती है। हमें जीवन में आने वाली अचानक की समस्याओं को पार करना चाहतें हैं, तो दुआओं की शक्ति को जमा करना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को परमात्मा के याद की योग अनुभूति कराई गई।





## सिंगर नितिन दुबे को मिला छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार गायक, संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे को सीजी फ़िल्मि इंडस्ट्री और संगीत जगत में उनके तीन दशक से भी अधिक सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान वर्ष 2025 से सम्मानित किया गया है। जिला जांजगीर चांपा में जांजगीर पुलिस और इशिका लाइफ फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में नितिन दुबे को यह अवार्ड दिया गया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी सिंगर नितिन दुबे ने छत्तीसगढ़ का नाम देश दुनिया मे रोशन किया है। वो देश के अलग अलग राज्यों में अब तक 2500 से ज़्यादा स्टेज शो कर चुके हैं। सैकड़ों सुपरहिट छत्तीसगढ़ी गीत गा चुके हैं। वह पहले छत्तीसगढ़ी गायक हैं, जिन्होंने यूट्यूब से गोल्डन प्ले बटन प्राप्त किया है। उनके 11 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर और 470 मिलियन व्यूवर्स हैं। नितिन महज 7 साल की उम्र से लाइव प्रस्तुतियां देते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ी गीतों के अलावा हिंदी भजन संगीत की दुनिया में भी एक जाने माने नाम हैं। उन्होंने बॉलीवुड सिंगर सुरेश वाडेकर और साधना सरगम के साथ भजन एलबम साई का सजदा रिलीज़ किया था। वह छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृतिक को आगे बढ़ाने की दिशा में लंबे समय से काम कर रहे हैं। उन्हें माटी रत्न, कला अनमोल रत्न, साईं आराधना, छत्तीसगढ़ मेलोडी किंग, साईं श्री, केलो धरोहर, बेस्ट प्ले बैक सिंगर, छत्तीसगढ़ रत्न, गौरव सम्मान, गौरव रत्न सम्मान से नवाजा जा चुका है।



## विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से, बालक-बालिका टीम होगी शामिल

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से 11 मई के मध्य आयोजित है। 20 ओवर के इस फटाफटा क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका टीम भी भाग लेगी। टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन नागपुर महाराष्ट्र में होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट टीम की पुरुष-महिला एवं बालक-बालिका टीम प्रतिनिधित्व करेगी। बालक एवं बालिका अंडर-19 की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सीनियर पुरुष एवं महिला खिलाड़ी तथा अंडर-19 बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 28 अप्रैल तक सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ में पंजीयन



करोना है। प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 9424124775 पर संपर्क कर ली जा सकती है। सचिव आजाद अहमद ने बताया कि प्रदेश के किसी भी जिले का खिलाड़ी टीम में शामिल हो सकता है। पंजीयन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन होगा। जानकारी के मुताबिक प्रतियोगिता में 12 से ज्यादा टीमें भाग लेंगी।

अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू संघ का आयोजन, कर्मा भवन जयंती नगर में मशरूम उत्पादन का भी प्रशिक्षण

# बाल संस्कार कार्यशाला: 100 से अधिक बच्चों को नैतिक मूल्य का पढ़ाया पाठ, संस्कृति और सभ्यता के बारे में दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ के तत्वावधान में महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण और बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। साहू सदन जयंती नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष नंदलाल साहू, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक अजय चौधरी, भीखम साहू, पार्षद खिलावन मटियारा, सविता वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे। अजय चौधरी ने थ्री डायमेंशन व्यक्तिव पर चर्चा की। उन्होंने जीवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बाल संस्कार कार्यशाला में 100 से अधिक बच्चो को नैतिक मूल्यों, जैसे ईमानदारी, दया और सम्मान को बढ़ावा देने एवं बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बच्चों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनाने एवं बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। चंद्रकिरण चौधरी ने उत्कृष्ट संस्कारवान पीढ़ी निर्माण पर बहुत से उदाहरण देकर गायत्रीमंत्र से संस्कारित किया।



### 50 से ज्यादा महिलाओं ने मशरूम खेती की बारीकियो को समझा

कार्यशाला में 50 से अधिक महिलाओं ने कार्यशाला में भाग लिया। मशरूम की खेती को समझा। मशरूम उत्पादन की बारीकियों को जाना। प्रैक्टिकल करके महिलाओं को प्रशिक्षित किया। इसके लिए दो दिन पहले से पैरा कुट्टी का प्रोसेस कर ड्रम में भीगाकर रखा गया। फिर नमी की आनुपातिक स्थिति बनाकर मशरूम निर्माण के लिए बीज लगाए गए। धनेश्वरी साहू ने विस्तार से जानकारी दी। उप निर्देशन अभिषेक साहू ने किया। मंच संचालन शत्रुघ्न साहू ने किया। अतिथि ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में अच्छे संस्कार आएंगे। मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण से महिलाओं को रोजगार का अच्छा साधन मिलेगा। भविष्य में इस तरह के प्रक्षिक्षण कार्यशाला होते रहना चाहिए।

### खेल, जनउला और एक्टिविटी के जरिए क्रिएटिविटी के टिप्स

इस अवसर पर अनोखी शुरुआत की गई। धनेश्वरी ने खेलकूद, जनउला और एक्टिविटी के माध्यम से क्रिएटिविटी सिखाने का प्रयास किया। साथ ही बहुमुखी रोजगार के तहत महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें मशरूम उत्पादन की विधि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षिका खुशबू साहू ने मशरूम उत्पादन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को उपस्थित महिलाओं के समक्ष प्रयोगात्मक तरीके से बताया गया। बताया कि मशरूम की खेती के दौरान उचित तापमान और नमी प्रदान करना सबसे जरूरी है।

### बालकों को दिया प्रशिक्षण



बाल संस्कार कार्यशाला में 105 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें नैतिक शिक्षा प्रदान की गई। जीवन का महत्व, बड़ों का सम्मान, आध्यात्म की महत्ती बताई गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इस तरह के रोजगारुन्मुखी कार्यशाला का आयोजन किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में विशेष रूप सेचंद्रहास साहू, प्रशांत साहू, अभिषेक साहू, दुलेश्वरी साहू, डॉ. जय साहू, चंद्रकिरण चौधरी, अंजू साहू, सरिता साहू उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# पुस्तक का विमोचन, डगेश्वरी को मिला रामप्यारा पारकर सम्मान



**भिलाई।** लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन के तत्वावधान में सुरता पारकर का आयोजन निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में आयोजित की गई। इस अवसर पर साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य करने डगेश्वरी पारकर को रामप्यारा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही निर्मला सिन्हा के काव्य संग्रह और शिवपाल ताम्रकार की कृति का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि दुर्ग सासंद विजय बघेल, साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा, डॉ डी पी देशमुख संपादक कला परम्परा भिलाई, डॉ मुक्ति बैस सहायक संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना रायपुर, आत्मा राम साहू ट्रस्टी अध्यक्ष निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर तथा डॉ दीनदयाल साहू प्रांताध्यक्ष लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन भिलाई उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार व समाज सेवी रहे रामप्यारा पारकर की स्मृति में आयोजन का यह 9वां वर्ष था। स्व पारकर महिला उत्थान के लिए सतत प्रयासरत रहते थे। उनकी कल्पना के अनुरूप राम प्यारा स्मृति सम्मान प्रति वर्ष समाजसेवी और साहित्य व कला से जुड़ी महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान डगेश्वरी पारकर को प्रदान किया गया। डगेश्वरी पारकर साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही हैं। इसी के साथ ही निर्मला सिन्हा की कृति काव्य संग्रह निर्मला की कलम से तथा शिवपाल ताम्रकार की कृति आत्मकथा सूना घर संसार का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने रामप्यारा पारकर के द्वारा किए गए समाज सेवा के योगदान को विस्तार से उपस्थित लोगों के समक्ष रखा। इसके साथ ही शासकीय हाई स्कूल बेलौदी का नामकरण रामप्यारा पारकर के नाम पर रखने संबंधित प्रक्रिया को जल्द पूर्ण का आश्वासन दिए। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा ने विमोचित कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कला परम्परा के संपादक डॉ डी पी देशमुख ने रामप्यारा पारकर का स्मरण करते हुए उनकी विशेषताओं को बताया। समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय की सहायक संचालक डॉ मुक्ति बैस ने अपने पुरखों की स्मृति को बनाए रखना क्यों आवश्यक है इस पर विस्तार से अपनी बात रखी। डॉ दीनदयाल साहू संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष ने सुरता पारकर कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य को बताते हुए अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन जागृति सार्वा और डॉ राघवेन्द्र राज ने किया। आभार प्रदर्शन बी पी पारकर ने किया। कार्यक्रम में साहित्यकार, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक संस्था के सदस्य और पदाधिकारी, आश्रम के सदस्य के साथ ही अनेक साहित्यिक संगठनों के साहित्यकार उपस्थित रहे।

- साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हुए सम्मानित



## लाइव इवेंट

# रेडी टू ईट के व्यंजन बनाकर बच्चों को खिलाने महिलाओं को किया प्रेरित



**भिलाई।** ग्राम पंचायत बोड़ेगांव में कुपोषण मुक्त पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर कंचन गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि जीवन के सुनहरे एक हजार दिन गर्भाधारण से लेकर बच्चों के 2 वर्ष पुरा होने की अवधि होती है। गर्भावस्था के दौरान 10 से 12 किलो का वजन बढ़ना गर्भवती और स्वस्थ शिशु के लिए अति आवश्यक है। दुर्ग ग्रामीण की परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि 2 वर्ष तक बच्चों के मस्तिष्क का विकास 80% हो जाता है यह समय बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत अहम होता है। इस अवधि में बच्चों के मस्तिष्क का विकास बहुत तेजी से होता है। धात्री माताओं को इस समय पोष्टिक आहार और आयरन, कैल्शियम की दवाई भी नियमित रूप से लेना चाहिए। माता एवं परिवार को सदस्यों को बच्चे के साथ बात करना चाहिए। साथ ही एनीमिया के रोकथाम के लिए आयरन युक्त आहार जैसे दाल, हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक, मेथी, दुध, दही, पनीर, आयरन टेबलेट रोज खाने की सलाह दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को घर का बना खाना ही खिलाएं उसको अलग से कटोरी में दे। ताकि बच्चा अपने से खाना खाना सीख सकें। पोषण पखवाड़ा में रेडी टू ईट के व्यंजन बनाकर बच्चों को खिलाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। बच्चे को खाने के बीच वाला समय में रेडी टू ईट का कुछ भी बनाकर खिलाने को कहा। पोषण खजानी ने तिल लड्डु, फ़ल्ली पापड़ी, फूटा चना, गुड़ के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने यह भी बताया कि गर्भवती और बच्चे का वजन और ऊंचाई करने के लिए प्रतिमाह आंगनबाड़ी में लाए। इस कार्यक्रम में गर्भवती माताएं, धात्री महिलाएं, ग्रामीण महिलाएं, कार्यकर्ता माधवी ठाकुर, अंजू देवांगन, वीणा देवांगन, संध्या ठाकुर, विंदा धनकर, सुमन कोरे, तुलेश्वरी, टिकेश्वरी, लक्ष्मी, सुकून, मीणा मांढरे, संतोषी देवदास, सरोजिनी, वीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

- कुपोषण मुक्त पखवाड़ा बोड़ेगांव में मनाया गया

● सकल समाज 29 और 30 अप्रैल को बड़े आयोजन की तैयारी में, ग्रामीण क्षेत्रों में भी होंगी शादियां

# अक्षय तृतीया पर गूंजेगी शहनाई, जिले में 2 हजार से ज्यादा शादियां होने का अनुमान, विकलांग और सकलांग बंधेंगे परिणय सूत्र में

**भिलाई।** हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। यह तिथि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को पड़ती है और इसे अत्यंत शुभ व फलदायी माना गया है। इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसे किए गए कार्यों का फल 'अक्षय' यानी कभी न समाप्त होने वाला होता है। इस विशेष दिन दान पुण्य के साथ ही गृह प्रवेश और विवाह संस्कार जैसे शुभकार्य करने का विशेष महत्व है। इसी कड़ी में अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई, श्री बाँके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर विकलांग और सकलांग सामूहिक सरल विवाह का आयोजन 30 अप्रैल अक्षय तृतीया तिथि के अवसर पर अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में किया जाएगा। जिसके एक दिन पहले 29 अप्रैल को विवाह की हल्दी-मेंहदी सहित अन्य रस्में भी निभाई जाएगी। इस दौरान सभी समाजों के लोग अपने-अपने रिति अनुसार बन्ना-बन्नी गीत गाकर विवाह स्थाल में रंग जमाएंगे। अनुमान है कि जिले में 2 हजार से ज्यादा शादियां होंगी। सकल समाज द्वारा 100 से ज्यादा शादियों का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार के आयोजन अन्य जगहों पर भी होने का अनुमान है। सामूहिक विवाह में छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य स्थानों से भी लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे है। अब तक लगभग 60 जोड़ो का पंजीयन हो चुका है।





### अक्षय तृतीया को हुआ था त्रेता युग का आरंभ

अक्षय का शाब्दिक अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो अथवा जो सदा स्थायी रहे। अक्षय तृतीया तिथि अक्षय, अखंड और सर्वव्यापक है। चारों युगों में त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था। 30 अप्रैल से ही चारों धामों में से एक धाम बद्रीनारायण के पट खुलेंगे। अक्षय तृतीया के दिन सोने-चांदी के आभूषण या अन्य कीमती धातुओं की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इस दिन लोग नए आभूषण, वाहन, संपत्ति या अन्य निवेश करते हैं। ताकि उनके जीवन में समृद्धि बनी रहे। भारत विकास परिषद् के अनिल डागा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद् की अपनी 1600 इकाईयों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सरल विवाह कार्यक्रम देश के विभिन्न स्थानों में प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किये जाते हैं। जिसका उद्देश्य सरल, सस्ती, संस्कारित और सुखद भावना से सकल समाज के सहयोग द्वारा निर्धन परिवारों की लड़कियों और लड़कों का विवाह गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।



### सभी समाजों का रहता है सहयोग

अनिल ने बताया कि भिलाई में पिछले 6 सालों से स्व.भगवती प्रसाद रायका की स्मृति में यह कार्यक्रम अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई, श्री बाँके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई, भारत विकास परिषद् भिलाई और परिषद् की ही महिला प्रधान इकाई नारायणी द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रमुख रुप से अग्रवाल समाज, सकल जैन समाज, ब्राम्हण समाज, सिख समाज सहित समस्त भारतीय समाजों का सहयोग रहता है।



### दूल्हा-दुल्हन को कपड़े और श्रृंगार सामग्री का होगा वितरण

29 और 30 अप्रैल को आयोजित सरल सामूहिक विवाह के अंतर्गत 29 अप्रैल, मंगलवार को दूल्हा-दुल्हन के परिवार सहित समिति की महिलाएं हल्दी-मेहंदी के रस्म परंपरानुसार निभायेंगे, साथ ही बन्ना-बन्नी के मंगलगीत बिहारी, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, गुजराती व दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार गाये जायेंगे।उसके बाद दूल्हा-दुल्हन को कपड़े और श्रृंगार सामग्री वितरण किया जाएगा।

### हुडको गणेश मंदिर से निकलेगी बारात

अक्षय तृतीय विवाह के दिन सुबह 8.30 बजे बारात आमदी नगर हुडको गणेश मंदिर से निकलेगी। जो सेक्टर 9 हनुमान मंदिर, रिसाली माता मंदिर, गणेश व बालाजी मंदिर सेक्टर 5 व सेक्टर 6 गुरुद्वारा व क्षेत्र के प्रमुख मंदिर स्थानों से होते हुए कार्यक्रम स्थल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 पहुंचेगी। जहां वरमाला और सभी जाति की रस्मों व वैदिक विधि से परिणय संस्कार पंडितों द्वारा संपन्न कराये जाएंगे। इस दौरान सभी जोड़ो को गृह उपयोगी सामान तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जायेगें। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर अनेक परिवार विशेषकर जिनकी बेटियां नही होती हैं वे बढ़चढ़ कर कन्यादान के कार्यक्रम में तन- मन-धन से सहभागी बनते हैं ।

## कार्यशाला...

# गूगल डिजिटल करियर सर्टिफिकेट कोर्स अब भिलाई में भी, विशेषज्ञों ने दी जानकारी





**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में गूगल डिजिटल कैंपस 2.0 का लाभ इस सत्र में विधार्थियों को मिलेगा। प्रदेश के इस विश्वविद्यालय ने अपने विधार्थियों के लिए 51 गूगल करियर सर्टिफिकेट कोर्स निःशुल्क उपलब्ध कराएं हैं। इतना ही नहीं प्रसिद्ध 14 कंपनियों के कैंपस ड्राइवेक माध्यम से अच्छे पैकेज के साथ रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इसे लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि विश्वविद्यालय के बीटेक छात्र उज्जवल को हाल ही में 7 लाख के पैकेज मिला है। कुलाधिपति आईपी मिश्रा के प्रयासों से विश्वविद्यालय में विश्वस्तरीय जॉब ओरिएंटेड कोर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### वर्तमान परिवेश में युवा वर्ग का रूझान नए करियर विकल्प की ओर बढ़ रहा है: ऋचा

कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष ऋचा शुक्ला ने बताया कि वर्तमान परिवेश में युवा वर्ग का रुझान नए करियर विकल्प की ओर बढ़ रहा है,जिससे कौशल विकास को बढ़ावा मिला है और यह रोजगार के नए मार्ग खोलता है। विश्वविद्यालय ने गूगल के साथ करार किया है। डिजिटल कैंपस की सुविधाएं विधार्थियों को मुहैया कराई है। इस संबंध में विधार्थियों को जागरूक करने एवं जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सिलेट ने बताया कि आगामी वर्षों में एआई आधारित टेक्नोलॉजी में जॉब की आपार संभावनाएं रहेंगी। एआई में डेटा एनालिटिक्स, डेटा मैनेजमेंट, यू एक्स डिजाइन, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मार्केटिंग, ई कॉमर्स जैसे करियर बेस्ड कोर्स की मांग और उपयोगिता अधिक रहेगी। इसी को ध्यान में रख कर गूगल डिजिटल कैंपस 2.0 के कोर्सेज उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने विधार्थियों को पढ़ाई के प्रति गंभीर होने और लेखन क्षमता बढ़ाने का आव्हान किया। प्लेसमेंट सेल की प्रमुख डॉ. मोनिका श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों साइबर सिक्योरिटी में करियर एक तेजी से बढ़ता क्षेत्र है, जिसमें कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को साइबर खतरे से बचाने की तकनीक से अवगत कराया जाता हैं। उन्होंने प्लेसमेंट सेल के माध्यम से होने वाले कैंपस ड्राइव की विस्तृत जानकारी दी।

### वर्तमान समय में गूगल ड्राइव, डॉक्स, मीट जैसे टूल्स जरूरी

डॉ. स्मिता दुबे ने डिजिटल कैंपस में रजिस्ट्रेशन और डोमेन ई मेल आईडी के विषय में बताए हुए गूगल ड्राइव, डॉक्स, मीट,क्लास आदि की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।इस कार्यशाला में 250 विधार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में डायरेक्टर डॉ. सुशील चंद्र तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. श्रुति तिवारी, डॉ. धीरेन्द्र पराते सहित अन्य उपस्थित थे।

## विजेता दिखायेंगे दमखम

# राज्य स्तरीय वुशू स्पर्धा के लिये दुर्ग टीम का हुआ ट्रायल



**भिलाई।** जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मे संचालित फुल कॉन्टेक्ट कराते क्लब द्वारा मई में आयोजित राज्य स्तरीय वुशू (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता के लिये दुर्ग टीम का सलेक्शन कर ट्रायल रखा गया। यह ट्रायल फुल कॉन्टेक्ट कराते की संस्था कारा कु जू बो काई कान फुल कॉन्टेक्ट कराते द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव उपस्थित थे। चयन प्रक्रिया मे सीनियर ब्लैक बेल्ट जे पी राजू के नेतृत्व मे वुशू के तकनीकी व संस्था के सीनियर ब्लैक बेल्ट भरत लाल साहू द्वारा प्रतिभागियों को चयन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। सीनियर ब्लैक बेल्ट रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी व ब्लैक बेल्ट अनुज दहाटे, काजल बेहरा, रौशन बेहरा, मुस्कान मुंदड़ा द्वारा चयन प्रक्रिया का शुरुआत की गई। जो की 3 घंटे चली।

सेन्साई गिरी राव ने कहा की वुशू के प्रदेश महासचिव कोंडय्या ने छत्तीसगढ़ में वुशू को स्थापित करने के लिये अपना पसीना बहाया है उन्होने बॉक्सिंग क्लब के कोच सुरेश का आभार व्यक्त किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी विभिन्न क्लबों से शिरकत किये थे। जिसमें सिंधिया नगर डोजो, सेक्टर 10 डोजो, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, वैशाली नगर शासकीय कन्या शाला, मिनी स्टेडियम पदमनाभपुर डोजो दुर्ग, कोहका हाउसिंग बोर्ड डोजो, सुराना कॉलेज दुर्ग डोजो, सी एच पी एल ड्रीम होम्स नेहरू नगर डोजो, खमरिया जुनवानी डोजो, आदित्य नगर दुर्ग डोजो टीम का चयन किया गया।

**प्रतिभागियों चयन के लिए किया प्रदर्शन**

## सालाना इजलास में दी जानकारी, सामाजिक लोग हुए शामिल

# आपसी रजामंदी से सुलझा रहे घरेलू मामले, दारुल कजा संस्था ने लौटाई 50 परिवारों में खुशियां

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** मुस्लिम समुदाय की संस्था दारुल कजा भिलाई-दुर्ग के तीन साल पूरे होने पर इज्लास-ए-आम फरीद नगर मैदान में रखा गया। जिसमें तंजीम के कामकाज और इससे जुड़ी तमाम जानकारियां समाज के सामने दी गई। इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहे मौलाना अतीक अहमद बस्तवी कन्वीनर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ- बोर्ड ने कहा कि मुल्क की आजादी में सभी धर्म और जाति समुदाय के लोगों का योगदान रहा है ।इस देश को अमन और शांति के प्रतीक बनाने में सभी की भूमिका रही है । उन्होंने कहा कि हमारे उलेमा ए दीन की कुर्बानियां लगी है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि मुल्क के भाईचारे को कायम करने अपनी भूमिका निभाएं।



### भाईचारा और रिश्तों को मजबूत बनाने की कहीं बातें

खास मेहमान मौलाना वसी, अहमद कासमी, काजी ए शरिया अमीरते शरिया फुलवारी शरीफ पटना ने कहा कि अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद के अनुसार पाकीजा जिंदगी अपनाने के साथ सभी लोगों के साथ भाईचारा मोहब्बत और रिश्ते को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि अपने ईमान, माल और जान की जिम्मेदारी आपकी है। इसकी हिफाजत करें और किसी भी समाज की हक तल्फी ना हो। खास मेहमान मौलाना तबरेज आलम कासमी व ऑर्गेनाइजर काजी मुस्लिम पर्सनल लॉ -बोर्ड ने इस दौरान बताया कि सभी समाज में अपने समुदाय के भीतर के घरेलू और निजी मामलों में आपसी रजामंदी से हल निकालने पहल की जाती है, इसी मकसद से मुस्लिम समुदाय के भीतर दारुल कजा कायम किया जाता है। इसके पहले दारुल कजा भिलाई-दुर्ग के सदर जिल्लू रहमान और सेक्रेटरी मोहम्मद अरशद ने यहां मौजूद सभी तंजीमो के नुमाइंदों का इस्तकबाल किया।

### मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध वर्ग रहा मौजूद

नायब सदर मोहम्मद नासिर ने दारूल कजा भिलाई दुर्ग का मकसद बताया। दारूल कजा के काजी शहर मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने बताया कि इसके जरिए 50 पारिवारिक मामलों के आपसी बातचीत रजामंदी से हल किया गया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के पारिवारिक व सामाजिक मसलों का हल करने के लिए लोगों को अल्लाह का डर रखना चाहिए और प्यारे नबी हजरत मोहम्मद की तालीम पर अमल करना चाहिए। जलसा के आखिर में मौलाना अतीक अहमद बस्तवी ने मुल्क के अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा कायम करना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध वर्ग चिकित्सक, इंजीनियरिंग, एडवोकेट, नौकरी पेशा और महिलाओं सहित मौलाना शकील , मोहम्मद युसूफ, नैय्यर इकबाल, सैय्यद असलम, हाजी अब्दुल हमीद, हाफ़िज़ सिराज, मौलाना दिलशाद , हाफ़िज़ शाह आलम मोहम्मद इरफान,शरीफ खान, हबीबुर्रहमान, मेहबूब, जहांगीर, सुलेमान, मोहम्मद अनवर पाशा, हाफिज मकसूद,मौलाना फैसल अमीन गुलजार, रज़ा सिद्दीकी और फ़ज़ल हक सहित तमाम लोग मौजूद थे।

ज्योतिष

## 23 मई से चमकेगी इन राशियों की किस्मत, शुक्र के घर में होगा बुध का गोचर



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में बुध को सभी ग्रहों के राजकुमार का दर्जा दिया गया है। यह मनुष्य के ज्ञान और बुद्धि प्रभावित करता है। बुधदेव को सामाजिक जीवन, कारोबार, करियर, वाणी इत्यादि का कारक भी माना जाता है। कुंडली में बुध की मजबूत स्थिति किसी भी व्यक्ति को सफल बना सकती है। जीवन से धन की समस्याओं को दूर कर सकती है। व्यक्ति तर्कशक्ति और गणित में माहिर होता है। व्यक्तित्व में भी निखार आता।

बुध समय-समय पर अपनी चाल बदलते हैं। कभी नक्षत्र तो कभी राशि परिवर्तन करते रहते हैं। 23 मई का दिन बेहद ही खास होने वाला है। क्योंकि बुद्धि के दाता असुरों के गुरु शुक्र की राशि वृषभ में गोचर करने जा रहे हैं। सभी 12 राशियों का जीवन प्रभावित होगा। किसी को इससे फायदा तो किसी को नुकसान होगा। कुछ लोगों के लिए यह समय किसी वरदान से कम नहीं होगा। लिए जाने ये भाग्यशाली लोग कौन हैं?

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए बुध की यह चाल किसी वरदान से काम नहीं होगी। कारोबार और करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे। इस दौरान बिजनेस से जुड़े लोगों को कोई बड़ी डील मिल सकती है। सरकारी नौकरी की इच्छा भी पूरी हो सकती है। प्रेमियों को भी इस दौरान फायदा होगा। नव विवाहित जोड़े को संतान सुख मिल सकता है। इनकम में भी वृद्धि होगी।

**मेष राशि :** बुध का यह गोचर मेष राशि के जातकों पर धन वर्षा करने वाला है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलेगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। कठिन से कठिन समस्याओं का सामना करने में आप सफल होंगे। छात्रों के लिए भी यह समय शुभ रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। संतान से जुड़ी चिंताएं दूर होगी सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को भी इस दौरान खूब फायदा होने वाला है। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। समय पर सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। मेहनत का फल मिलेगा। प्रमोशन के योग बन रहे हैं। संतान की ओर आपकी सारी जिम्मेदारियां पूरी होगी। प्रेम संबंध के लिए भी यह समय अच्छा रहेगा। विवाह के योग बन रहे हैं।

## घर से निकलते समय इन 5 चीजों का होना है लाभ का संकेत, हर तरफ से आएगी खुशहाली



शकुन शास्त्र ज्योतिष से जुड़ी एक ऐसी विद्या है, जो हमें व्यक्ति के जीवन में होने वाली शुभ और अशुभ घटनाओं की जानकारी देती है। एक बार ऐसा होता है कि जब हम कोई जरूरी काम करना चाहते हैं तो हमें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में व्यक्ति यह नहीं समझ पाता कि आखिरकार ऐसी क्या चीज है जो उसके कामों में अड़ंगा लगा रही है।

जिस तरह से काम में परेशानी आती है इस तरह से कई बार ऐसा भी होता है कि हमें जिस चीज की उम्मीद भी नहीं होती वह भी पूरी हो जाती है। हर तरफ से शुभ समाचार मिलने लगते हैं और समस्याएं समाप्त हो जाती है। अपने आसपास होने वाले कुछ चीजों को अगर हम समझ ले तो शकुन अपशकुन की पहचान आसानी से कर सकते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम घर से निकलते हैं तो कुछ ऐसी चीज होती है, जो हमें लाभ का इशारा देती है। चलिए आज आपको इसी के बारे में बताते हैं।

**पैसों का गिरना :** कई बार जब हम कहीं जाने के लिए तैयार होते हैं तो हमारी जेब से पैसे गिर जाते हैं। यह एक शुभ संकेत होता है जो हमें धन लाभ होने की जानकारी देने का काम करता है। अगर पैसे, कपड़े उतारते समय गिर रहे हैं तो यह भी धन लाभ होने का संकेत है।

**कुंवारी लड़कियों को देखना :** कई बार जब हम घर से निकलते हैं तो कुछ लोगों को या लड़कियों को आपस में बात करते हुए देखते हैं। यह चीज उस समय बेहद शुभ मानी गई है जब आप वर या वधू के लिए लड़का या लड़की देखने जा रहे हैं। यह बहुत अच्छा सुकून होता है जो रिश्ता होने के योग बनता है।

**पक्षी का बीट करना :** कई बार जरूरी काम के लिए जाते समय पक्षी हमारे ऊपर बीट कर देता है। यह चीज हमें परेशान जरूर कर देती है लेकिन यह काफी शुभ माना गया है। संकेत है कि जीवन से दरिद्रता समाप्त होने वाली है और ढेर सारी खुशियों का आगमन होगा।

**गाय का आना :** जब हम घर से निकल रहे हैं और अचानक हमें गाय दिखाई दे रही है या फिर कोई विवाहित महिला नजर आ रही है तो यह बहुत शुभ माना जाता है। यह संकेत हमें बताता है कि हम जिस काम के लिए घर से निकल रहे हैं उसमें हमें सफलता की प्राप्ति जरूर होने वाली है।

### स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं

# बेल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद, सिर्फ शरबत ही नहीं, बनाए जा सकते हैं और भी स्वादिष्ट व्यंजन

बेल एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आमतौर पर लोग बेल का उपयोग पेय या मिठाई में करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे कई स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं? आइए आज हम आपको बेल से बनाए जाने वाले कुछ अनोखे और स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो आपके खाने के अनुभव को और भी खास बना देंगे।



### बेल की चटपटी चाट

बेल की चटपटी चाट एक अनोखा और स्वादिष्ट व्यंजन है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर इस गूदे को मसालों जैसे चाट मसाला, भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च और धनिया पत्ते के साथ मिलाकर पकाएं। इसमें थोड़ा नींबू का रस डालें और इसे अच्छी तरह से मिलाएं। यह चटपटी चाट शाम के नाश्ते के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

### बेल की खीर

बेल की खीर एक मिठाई है, जो खास मौकों पर बनाई जा सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर दूध और चीनी के साथ पकाएं। इसमें इलायची पाउडर और सूखे मेवे मिलाएं ताकि इसका स्वाद और भी बढ़ जाए। इसे धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि यह गाढ़ी न हो जाए। ठंडा होने पर परोसें और इसका आनंद लें।

### बेल का हलवा

बेल का हलवा एक अनोखा मिठाई है, जिसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेल को उबालकर उसका गूदा निकाल लें, फिर घी में सूजी डालकर भूनें और उसमें बेल का गूदा मिलाएं। इसके बाद इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर डालकर पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। ऊपर से सूखे मेवे डालकर इसे परोसें और इसका आनंद लें।

### बेल का रायता

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता खाना सबको पसंद होता है। बेल का रायता भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए दही को फेंट लें और उसमें बेल का गूदा मिलाएं। साथ ही नमक, भुना जीरा पाउडर और हरी धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाएं। यह रायता खाने के साथ-साथ आपके पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इन सभी व्यंजनों को बनाकर देखें और अपने खाने के अनुभव को नया स्वाद दें।



## बच्चों की डाइट में रागी शामिल करने के लिए अपनाएं ये शानदार तरीके, नहीं करेंगे आनाकानी

इन दिनों सभी माएं रागी के आटे के स्वास्थ्य लाभों को पहचान रही हैं। यह आटा प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और फाइबर जैसे तत्वों से लैस होता है, जो बच्चों के विकास में मददगार साबित होते हैं। हालांकि, बच्चों को ऐसे खाद्य पदार्थ खिलाना एक मुश्किल काम होता है, क्योंकि उन्हें उसका स्वाद जल्दी पसंद नहीं आता। अगर आपका बच्चा भी रागी खाने में आना-कानी करता है तो उसकी डाइट में इस आटे को इन तरीकों से शामिल करें।

**रागी के आटे के पैनकेक :** बच्चे पैनकेक बड़े ही चाव से खाते हैं, इसीलिए उन्हें मैदे के बजाय रागी के आटे से यह व्यंजन बनाकर परोसें। सबसे पहले एक कटोरे में रागी का आटा, कोको पाउडर, पिसी हुई चीनी, नामक और बेकिंग पाउडर मिला दें। दूसरे बर्तन में दूध, वनिला का अर्क और पिघला हुआ मक्खन मिलाएं। अब गीली और सूखी सामग्रियों को एक साथ मिलाकर बैटर तैयार करें। इसमें थोड़ी पिघली चॉकलेट और चॉकलेट चिप्स डालें और तवे पर सेंक लें।

**रागी के आटे का डोसा :** रागी के आटे की रोटी खाने में बच्चे आना-कानी कर सकते हैं, लेकिन वे इससे बना डोसा मजे से खा लेंगे। इसे बनाने के लिए रागी का आटा, चावल का आटा, खट्टी दही, नमक, हरा धनिया, हरी मिर्च और प्याज को एक साथ मिला लें। अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी



### रागी के आटे के लड्डू

अगर आपका बच्चा बार-बार मिठाई खाने की जिद करता है तो उसे रागी के आटे से बने लड्डू खिलाएं। इसकी रेसिपी की शुरुआत रागी के आटे को सूखा भूनने से होगी। अब दूसरे पैन में मूंगफली, काजू, अखरोट और बादाम को सूखा भूनें। मिक्सी में ये सूखे मेवे, नारियल, गुड़, किशमिश और इलायची डालकर पीस लें। अब मेवों का पाउडर, रागी का आटा और दूध मिलाकर गोल-गोल लड्डू बना लें।

### रागी के बिस्कुट

अपने बच्चे को मैदे के बिस्कुट देने की जगह रागी के आटे के पौष्टिक बिस्कुट बनाकर खिलाएं। इसके लिए एक कटोरे में रागी का आटा, गेहूं का आटा, कोको पाउडर, गुड़ का पाउडर, बेकिंग पाउडर और नमक डालकर मिलाएं। अब इसमें दूध, मक्खन और वेनिला का अर्क डालकर मिलाएं और मुलायम आटा गूंध लें। इस आटे के गोल-गोल पेड़े बनाएं और बेकिंग ट्रे पर मक्खन लगाकर इन्हें रख दें। ओवन में बेक करने के बाद आपके बिस्कुट तैयार हो जाएंगे।

## गर्मी में सत्तू स्वास्थ्य के लिए लाभदायक देगा ठंडक और वजन घटाने में मदद

गर्मियों की तपती धूप और लू से बचने के लिए ऐसे पेय पदार्थों का सेवन ज़रूरी होता है जो शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ पोषण भी दें। ऐसे में सत्तू एक परंपरागत और प्राकृतिक सुपरफूड के रूप में काफी लोकप्रिय है। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर तैयार किया जाता है और शरीर को ठंडा रखने, एनर्जी देने और हाइड्रेटेड बनाए रखने में कारगर होता है।

**गर्मियों में सत्तू पीने से मिलने वाले लाभः** शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाता है। सत्तू की तासीर ठंडी होती है, जिससे यह शरीर का तापमान नियंत्रित करता है और अधिक पसीने तथा डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**लू से बचाव में मददगार :** गर्मियों में लू लगना आम बात है। सत्तू का शरबत शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित करता है, जिससे लू से सुरक्षा मिलती है।

**हाइड्रेटेड बनाए रखता है :** गर्म मौसम में पसीना अधिक निकलने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। ऐसे में सत्तू का सेवन शरीर में पानी और मिनरल्स की पूर्ति करता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** फाइबर से भरपूर सत्तू कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी दिक्कतों से राहत दिलाने में मदद करता है।



### इंस्टेंट एनर्जी देता है

सत्तू में मौजूद कार्ब्स और प्रोटीन शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे गर्मी में थकान महसूस नहीं होती।

### वज़न नियंत्रण में सहायक

फाइबर की अधिकता के कारण सत्तू पेट भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे भूख कम लगती है। यह वज़न बढ़ाने और घटाने दोनों में सहायक हो सकता है, बस मात्रा का संतुलन जरूरी है।

### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को निखारने और बालों को मज़बूती देने में सहायक होते हैं। यह शरीर को डिटॉक्स भी करता है।

### ब्लड शुगर और बीपी कंट्रोल करता है

लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स के चलते सत्तू डायबिटीज के मरीज़ों के लिए लाभकारी है और यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखने में मदद करता है।

## गैस से रहते हैं परेशान तो तुरंत बना लें इन चीजों से दूरी, मिलेगी राहत

अनहेल्दी फूड की वजह से आजकल ज्यादातर लोग गैस और अपच की समस्या से परेशान रहते हैं। गैस्ट्रिक की वजह से पेट में सूजन, बेचैनी, जलन और एसिडिटी होने लगती है। जिसकी वजह से व्यक्ति बेहद परेशान होने लगता है। लेकिन आप अगर अपनी डाइट पर ध्यान दें तो आप गैस की समस्या से छुटकारा बड़ी आसानी से पा सकते हैं। आइए जानते हैं न्यूट्रिशनिस्ट और वैलनेस एक्सपर्ट कत्याल से आखिर पेट में गैस बनने पर व्यक्ति को किन चीजों से परहेज करना चाहिए।

**फास्ट फूड से बना लें दूरी**-गैस्ट्रिक से परेशान लोगों को अपनी डाइट से फास्ट फूड को हटा देना चाहिए। फास्ट फूड में फाइबर की मात्रा कम होती है। इसका सेवन करने से पाचन क्रिया को अधिक कार्य करना पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन क्रिया अपना काम अच्छी तरह नहीं कर पाती है और व्यक्ति को कब्ज की शिकायत होने लगती है।

**कच्चे केले को भी करें डाइट से बाहर**-गैस की समस्या से परेशान लोग केले का सेवन करने से बचें। कच्चे केले का सेवन करने से व्यक्ति को कब्ज की समस्या हो सकती है। कच्चे केले के अंदर फाइबर कम मात्रा में मौजूद होते हैं। वहीं पके हुए केले में घुलनशील फाइबर मौजूद होने की वजह से ये कब्ज और गैस की समस्या से छुटकारा दिला सकता है।








कार्नर न्यूज

### बैठने-उठने में समस्या, पैरों में दर्द, 30-40 के बाद महिलाओं में बेहद आम हो जाती हैं

# सिर्फ कैल्शियम से ही हड्डियां मजबूत नहीं होती, ये भी हैं हेल्दी ऑप्शन

हड्डियों का चटकना, बैठने-उठने में समस्या और लगातार पैरों में दर्द, ये कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जो 30-40 के बाद महिलाओं में बेहद आम हो जाती हैं। मगर, हड्डियों से संबंधित इन समस्याओं को सुधारा जा सकता है, सिर्फ अपने आहार में कुछ फूड्स शामिल करके। इसके लिए सिर्फ कैल्शियम ही नहीं बल्कि कुछ और पोषक तत्वों को भी अपने आहार में शामिल करना जरूरी है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन के अनुसार, 40 साल की उम्र तक, हड्डियों का द्रव्यमान कम होने लगता है, क्योंकि शरीर पुरानी हड्डी को बदलना बंद कर देता है। यह नुकसान आपकी हड्डियों की क्षमता को प्रभावित कर सकता है, और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी दुर्बल करने वाली स्थिति के जोखिम को बढ़ा सकता है।





### बीज

नट्स की तरह, बीज आपको कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस प्रदान करते हैं। बीज फाइबर और ओमेगा -3 फैटी एसिड भी प्रदान करते हैं, जो एक प्रकार का पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड होता है। ये कोलेस्ट्रॉल और शरीर में इन्फ्लेमेशन को कम करते हैं और आपके मस्तिष्क को सुचारू रूप से काम करने में मददगार होते हैं। चिया, अलसी, कद्दू के बीज, और तिल आपके आहार में शामिल करने के लिए कुछ बेहतरीन बीज हैं। आपको बता दें कि तिल, कैल्शियम और मैग्नीशियम का एक उत्कृष्ट स्रोत है, और यूएसडीए के अनुसार फास्फोरस का एक अच्छा स्रोत है।

### सभी तरह के बीन्स

सभी प्रकार के बीन्स में मैग्नीशियम, कैल्शियम और फास्फोरस की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूती देते हैं। इसके अलावा, बीन्स आमतौर पर फाइबर और प्रोटीन में उच्च होते हैं, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद है। बीन्स आपके शरीर को भी कई पोषक तत्व प्रदान कर सकते हैं।
उदाहरण के लिए, यूएसडीए के अनुसार, एक कप ब्लैक बीन्स में 84 मिलीग्राम कैल्शियम होता है और यह मैग्नीशियम एवं फास्फोरस का एक उत्कृष्ट स्रोत है। ये फाइबर और प्लांट प्रोटीन का भी एक उत्कृष्ट स्रोत हैं।

### नट्स या सूखे मेवे

नट्स में कैल्शियम होता है, लेकिन ये हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक दो अन्य पोषक तत्व भी प्रदान करते हैंः मैग्नीशियम और फास्फोरस। फास्फोरस हड्डियों का एक प्रमुख घटक है – नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ, अमेरिका के अनुसार, आपके शरीर में फास्फोरस का लगभग 85 प्रतिशत आपकी हड्डियों और दांतों में पाया जाता है।
**ड्राई फ्रूट्स** : अखरोट, मूंगफली, पिस्ता जैसे बहुत सारे नट्स हैं, लेकिन बादाम इनमें से सबसे अच्छा है। हर रोज़ एक मुट्ठी बादाम मैग्नीशियम और फास्फोरस की अच्छी मात्रा प्रदान कर सकते हैं।



### कुछ मछलियां होती हैं बेहतरीन

विटामिन D आपकी हड्डियों के लिए बेहतरीन है और सिर्फ आहार से आपको पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिलेगा। इसलिए वसायुक्त मछली जैसे सैल्मन, टूना और रेनबो ट्राउट में इसकी अच्छी मात्रा होती है। फैटी फिश विटामिन डी के सबसे अच्छे खाद्य स्रोतों में से हैं। यूएसडीए के अनुसार, ताजा स्मोक्ड ट्यूना का एक औंस सनशाइन विटामिन का एक अच्छा स्रोत है। जबकि सैल्मन का एक छोटा, 3.25-औंस एक उत्कृष्ट स्रोत है।

### 5 हरी पत्तेदार सब्जियां

पत्तेदार हरी सब्जियां, जिन्हें क्रूसिफेरस वेजी कहा जाता है, कई पोषक तत्व प्रदान करती हैं और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। ओरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के अनुसार, हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन K और कैल्शियम की अच्छी

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने गर्लफ्रेंड से की शादी



हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि लॉस एंजिल्स में करीबी लोगों के बीच क्रिस्टन ने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की है। रविवार यानी 20 अप्रैल को यह शादी हुई। क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर साल 2019 में रिलेशनशिप में आए, दोनों ने लगभग सात साल तक डेट किया। साल 2021 में दोनों ने अपने करीबी लोगों के बीच ही सगाई भी की थी। इसके बाद अकसर ही इन दोनों को पब्लिक इवेंट्स पर साथ देखा गया। क्रिस्टन के फैंस जानना चाहते थे कि वह शादी कब करेंगी? टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टीवर्ट और उनकी गर्लफ्रेंड ने कोर्ट हाउस से शादी का लाइसेंस हासिल करने के बाद दोस्तों और परिवार के बीच सादे अंदाज में शादी की। इस शादी में एक्ट्रेस एशले बेन्सन और उनके पति ब्रैंडन डेविस भी शामिल थे। क्रिस्टन स्टीवर्ट की शादी की खबरें अब सामने आ रही हैं तो क्या वह अपने हॉलीवुड कुलीग्स को पार्टी भी देंगी। इस बात का हिंट उन्होंने साल 2022 में ही दे दिया था। एक इंटरव्यू में क्रिस्टन ने कहा था, 'मैं जब भी शादी करूंगी तो एक बड़ी पार्टी करना चाहूंगी।'

### टॉलीवुड

## अजीत कुमार को बेल्जियम रेसिंग में मिला दूसरा स्थान, लाइन में लगे फैंस से एक्टर ने की मुलाकात



एक्टर अजीत कुमार कई दुर्घटनाओं का सामना करने के बाद अब उन्होंने रेसिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ने बेल्जियम के प्रतिष्ठित स्पा-फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में ये उपलब्धि पाई है। उन्हें देखने के लिए उनके चाहनेवालों की भीड़ ने जीत के बाद बुरी तरह घेर लिया था। एक्टर कई सालों से इंटरनेशनल रेसिंग इवेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और लोगों का प्यार बटोर रहे हैं। उन्हें हाल के दिनों में कई बार चोट भी आई लेकिन बावजूद इसके उन्होंने मजबूती से कमबैक किया और सबको चौंका दिया। अजीत कुमार की जीत का जश्न न सिर्फ उनक फैंस ने मनाया। बल्कि इंडस्ट्री के दोस्त और टीम ने भी खूब एक्साइटमेंट दिखाई। उनके मैनेजर सुरेश चंद्रा का तो गर्व से सीना चौड़ा हो गया था। वह खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। सोशल मीडिया पर उन्होंने ही इस गुड न्यूज को शेयर किया था। लिखा था, 'मोटरस्पोर्ट के लिए गर्व का पल। अजीत कुमार और उनकी टीम ने बेल्जियम के स्पा फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में शानदार P2 पोडियम फिनिश हासिल की।' 'गुड बैड अग्ली' के डायरेक्टर आदिक रविचंद्रन ने भी लिखा, 'भारतीय मोटरस्पोर्ट के लिए ये गर्व का पल है। अजीत सर और उनकी टीम की जीत हुई।' मैनेजर सुरेश ने तो एक और पोस्ट किया और उसमें एक्टर और उनकी टीम का दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पोडियम पर कदम रखते हुए उस पल को इंजॉय कर रहे थे। हालांकि जिस जीत ने ज्यादा दिल जीता वो था अजीत का अपने से आगे वाले रेसर्स के लिए ताली बजाना।

### भोजपुरी

## पूनम दुबे ने गौरव जैन संग लिए सात फेरे रवि किशन-मनोज तिवारी का धमाल



भोजपुरी एक्ट्रेस पूनम दुबे ने गोवा में बॉयफ्रेंड गौरव जैन से शादी कर ली है। गोवा में हुई इस ग्रैंड वेडिंग की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वरमाला से लेकर सिंदूरदान तक की झलक देखने को मिल रही है। इस शादी में मनोज तिवारी और रवि किशन ने भी शिकरत की। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस पूनम दुबे ने शादी कर ली है। बीते शुक्रवार को गोवा में एक भव्य समारोह में उन्होंने गौरव जैन के साथ सात फेरे लिए हैं। एक्ट्रेस ने जहां सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें शेयर की हैं, वहीं सिनेमा जगत से भी तमाम एक्टर-एक्ट्रेस, फिल्ममेकर्स और फैंस उन्हें शादी की बधाई दे रहे हैं। पूनम दुबे की शादी में शिरकत करने के लिए भोजपुरी के सुपरस्टार और सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन भी गोवा पहुंचे थे। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फोन पर पूनम और गौरव को शादी की शुभकामनाएं दी हैं। पूनम दुबे की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, यह शादी 18 अप्रैल को गोवा के मशहूर ला कबाना रिजॉर्ट में आयोजित हुई। इस खास मौके पर मनोज तिवारी और रवि किशन वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। भोजवुड से सुपरस्टार यश कुमार मिश्रा, एक्ट्रेस शुभी शर्मा, विकास सिंह वीरप्पन समेत कई फिल्मी सितारों और पूनम के करीबी दोस्त ने पूनम की जिंदगी की इस नई शुरुआत के साक्षी बने। पूनम दुबे ने पति गौरव जैन के फिल्मी दुनिया से नहीं हैं। बताया जाता है कि वह बिजनसमैन हैं। उनके बारे में बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन बताया जाता है कि पूनम और गौरव लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे।

## मेहंदी फंक्शन के लिए बेस्ट आउटफिट्स

लाइफ स्टाइल




गर्मियों में होने वाले मेहंदी समारोह के लिए हल्के, हवादार और स्टाइलिश आउटफिट्स पसंद किए जाते हैं। ये गर्मियों में आरामदायक होने के साथ पहने हुए ट्रेंडी भी लगते हैं। लहंगा चोली मेहंदी के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला आउटफिट माना जाता है। अपने मेहंदी फंक्शन के लिए आप हरे, पीले, गुलाबी या मल्टीकलर लहंगे के साथ हैवी एम्ब्रॉइडरी या मिरर वर्क वाली चोली पसंद कर सकते हैं। इसके साथ फ्लोरल ज्वेलरी और खुले बाल इस लुक को पूरा करेंगे।

## समझ नहीं आ रहा आपके चेहरे पर कौन-सी नथ लगेगी सबसे सुंदर? जानें कैसे समझें

भारत के इतिहास में गहनों का खास महत्व रहा है, चाहे वह हार हो या बालियां। हालांकि, आज भी जिस गहने के बिना श्रृंगार अधूरा माना जाता है, वह है नथ। मंगलसूत्र की तरह यह भी शादीशुदा महिलाओं के सुहाग की निशानी होती है, जो कई अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध रहती है। आज के समय में तो इसे कुंवारी लड़कियां भी शौक से पहनती हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपके चेहरे पर किस तरह की नथ अच्छी लगेगी।

**गोल चेहरे वाली महिलाओं के लिए :** गोल चेहरे वाली महिलाओं को ऐसी नथ पहननी चाहिए, जिसमें उनका चेहरा थोड़ा लंबा लगे और लोगों का ध्यान उसपर जाए। ऐसे डिजाइन वाली नथ का चुनाव करें, जिनमें नीचे की ओर लटकने वाले पेंडेंट या मोती लगे हों। छोटे फूलों के डिजाइन वाली नथ गोल चेहरे पर अच्छी लगती हैं, खासकर अगर उनमें छोटे-छोटे मोती भी



लगे हों। गोल चेहरे पर बीडेड यानि नग वाली नथ भी शानदार लगती हैं।

**चौकोर चेहरे वाली महिलाओं के लिए :** जिन महिलाओं का चेहरा चौकोर होता है, उनके लिए छोटे आकार की नथें बेहतर विकल्प हो सकती हैं। ऐसी नथ उनके चेहरे के फीचर्स को निखार सकती हैं। अगर आपकी नाक लंबी और नुकीली है तो आपको बालियों वाली नाक की कील पहननी चाहिए। बड़ी और भारी नथें चौकोर चेहरे की चौड़ाई को और बढ़ा सकती हैं। मध्यम आकार की नथें भी एक अच्छा विकल्प हो सकती हैं, खासकर अगर वे हल्के हार और बाली के साथ पहनी जाएं।

### लंबे चेहरे वाली महिलाओं के लिए

लंबे चेहरे वाली महिलाओं के ऊपर रंग-बिरंगे नग वाली या मोतियों वाली नथ बहुत अच्छी लगती हैं। इन्हें पहनकर आपका चेहरा थोड़ा चौड़ा और भरा हुआ दिखाई दे सकता है। गोल या हूप वाली नथ और ज्यादा डिजाइनर नथ भी लंबे चेहरे वाली महिलाओं पर जंचती हैं। हॉरिजोंटल रेखाओं वाली नथ भी आपके चेहरे के आकार को संतुलित दिखाने में मदद कर सकती हैं। लंबे चेहरे पर भारी नथ पहनने से बचना चाहिए, वर्ना चेहरा और लंबा दिख सकता है।

### हर महिला पर जंचने वाली नथ

कुछ नथ ऐसी डिजाइन की होती हैं कि वे किसी भी प्रकार के चेहरे पर अच्छी लगती हैं। इन्हें कई अवसरों और पार्टियों में पहना भी जा सकता है। इनमें से एक है हीरे की नथ, जिसे एक सदाबहार जेवर की तरह देखा जाता है। हालांकि, हीरे का आकार आप अपनी पसंद और सुविधा के हिसाब से चुन सकती हैं। इसके अलावा, फूलों वाली नथ भी हर भारतीय महिला के चेहरे की शोभा बढ़ा सकती हैं।

## शादी में पहनने के लिए चुन सकती हैं ये कपड़े, लगेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत

फैशन



शादी का समय हर लड़की के जीवन का सबसे खास और यादगार पल होता है। इस दिन हर लड़की चाहती है कि वह सबसे सुंदर और आकर्षक दिखे। सही कपड़े चुनना इस दिन को खास बना सकता है। भारतीय कपड़े जैसे साड़ी, लहंगा, अनारकली सूट और गाउन हमेशा से ही शादी के लिए पसंदीदा विकल्प रहे हैं। आइए जानें कि शादी में कौन-सा परिधान आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा और आपको किस रंग का चुनाव करना चाहिए।

**बनारसी साड़ी :** बनारसी साड़ी भारतीय शादी के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसका भारी कढ़ाई वाला बॉर्डर और चमकदार कपड़ा इसे खास बनाते हैं।लाल, हरे या नारंगी रंग की बनारसी साड़ी हमेशा पसंदीदा रहती हैं। इसे पहनकर आप शाही अंदाज में दिख सकती हैं। इसके साथ भारी गहने और पारंपरिक जूड़े की सजावट आपके लुक को और भी खास बना सकती है। बनारसी साड़ी न केवल सुंदर दिखती है, बल्कि यह आरामदायक भी होती है।

**लहंगा चोली :** लहंगा चोली भी शादी के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें स्कर्ट, ब्लाउज और दुपट्टा शामिल होते हैं, जो आपको एक शाही लुक देते हैं। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन लाल या गुलाबी रंग हमेशा ही खास लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे। लहंगा चोली पहनकर आप न केवल सुंदर दिख सकती हैं, बल्कि यह आपको एक राजसी अंदाज भी देती है।

**अनारकली सूट :** अनारकली सूट आजकल बहुत चलन में हैं और यह भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें लंबे कुर्ते और चौड़ी पैंट्स शामिल होती हैं, जो आपको एक पारंपरिक लेकिन आधुनिक लुक देती हैं। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन गहरे रंग जैसे नीला या मरून बहुत अच्छे लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने और हल्का मेकअप आपके लुक को पूरा करते हैं।

**गाउन :** अगर आप कुछ अलग पहनना चाहती हैं तो गाउन भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आरामदायक भी होता है। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, लेकिन सुनहरे या सिल्वर रंग बहुत अच्छे लगते हैं। इसके साथ हल्के गहने और हल्का मेकअप आपके लुक को पूरा करते हैं। गाउन पहनकर आप न केवल सुंदर दिख सकती हैं, बल्कि यह आपको एक राजसी अंदाज भी देती है।

**सही रंग का चयन कैसे करें :** रंगों का चयन करते समय अपने चेहरे की रंगत पर ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा गहरी रंगत वाली है तो हल्के रंग जैसे गुलाबी या नीला आपके लिए अच्छे रहेंगे, वहीं अगर आपकी त्वचा हल्की रंगत वाली है तो गहरे रंग जैसे लाल या मरून आपके लिए सही रहेंगे। इस प्रकार इन पारंपरिक भारतीय कपड़ों को चुनकर आप अपनी शादी को यादगार बना सकती हैं और सबसे सुंदर दिख सकती हैं।

## कुर्ती को ट्राउजर के साथ पहनना चाहती हैं? इन तरीकों से करें स्टाइल

कुर्ती और ट्राउजर का मेल महिलाओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आरामदायक होता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। सही कुर्ती का चयन और उसे सही तरीके से पहनना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक खास लगे। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिससे आप अपनी कुर्ती को ट्राउजर के साथ खूबसूरती से पहन सकें और हर मौके पर आकर्षक दिखें।



### रंगों का मेल करें

कुर्ती और ट्राउजर का रंग मेल करना बहुत जरूरी है। अगर आपकी कुर्ती हल्के रंग की है तो उसे गहरे रंग के ट्राउजर के साथ पहनें। इससे आपका लुक संतुलित और आकर्षक लगेगा। उदाहरण के लिए सफेद या पीली कुर्ती के साथ नीले या भूरे रंग का ट्राउजर अच्छा लगता है।

### प्रिंट पर दें ध्यान

प्रिंट वाली कुर्ती और सादा ट्राउजर का मेल भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। अगर आपकी कुर्ती पर फूलों या ज्यामितीय आकृतियों का प्रिंट है तो उसे सादा ट्राउजर के साथ पहनें। इससे आपका लुक खास लगेगा और पहनने में आरामदायक भी महसूस होगा। प्रिंटेड कुर्ती के साथ सादा ट्राउजर पहनने से आपका लुक संतुलित और आकर्षक दिखेगा।

### फैशन एक्सेसरीज का सही उपयोग करें

फैशन एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अगर आप साधारण कुर्ती पहन रही हैं तो उसमें थोड़ा बदलाव लाने के लिए बड़ी झुमकी या चेन पहन सकती हैं। इसके अलावा हाथों में कलाई घड़ी या कंगन भी अच्छे लगते हैं।

## हर महिला के पास होने चाहिए स्टाइलिश और बेस्ट इयररिंग्स

इयररिंग्स हर महिला के ज्वेलरी कलेक्शन का अहम हिस्सा हैं। ये न केवल आपके लुक को पूरा करते हैं, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखा सकते हैं। बाजार में कई तरह के इयररिंग्स उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ ऐसे होते हैं, जो हर मौके पर पहने जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको पांचे ऐसे इयररिंग्स के प्रकार बताएंगे, जो आपके हर पहनावे के साथ मेल खाएंगे और आपको त्योहारों समेत हर मौके पर खास दिखाएंगे।

**छोटे सुनहरे झुमके :** छोटे सुनहरे झुमके रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत काम आते हैं। ये झुमके आपको सादा लेकिन सुंदर लुक देते हैं। इन्हें आप ऑफिस या कॉलेज जाते समय पहन सकती हैं। इनकी खासियत यह है कि ये किसी भी



कपड़े के साथ आसानी से मेल खाते हैं और आपको एक बेहतरीन लुक देते हैं। सुनहरे रंग की चमक आपके चेहरे पर निखार लाती है, जिससे आप हर दिन खास महसूस करती हैं।

**बड़े ऑक्सीडाइज झुमके :** बड़े ऑक्सीडाइज झुमके किसी भी खास मौके पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प होते हैं। ये झुमके पार्टी, शादी या किसी भी समारोह में आपका लुक खास बना सकते हैं। इनकी चमक और आकार उन्हें आकर्षक बनाते हैं, जिससे आप हर मौके पर अलग और सुंदर दिखती हैं। बड़े ऑक्सीडाइज झुमके आपके चेहरे को सुंदर लुक देते हैं और आपको एक शाही अंदाज देते हैं, जो हर किसी को प्रभावित करता है।


**मोती के झुमके :** मोती हमेशा से ही महिलाओं की पसंद रहे हैं। मोती के झुमके पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही रूपों में मिलते हैं, जो किसी भी अवसर पर पहने जा सकते हैं। ये झुमके न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि आपको एक शाही अंदाज भी देते हैं। मोती की चमक और उनका अनोखा डिजाइन आपके चेहरे पर निखार लाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिखती हैं।

कार्नर न्यूज

### आपके व्यक्तित्व और रुचियों को भी दर्शाती हैं

## घर की सजावट के लिए खरीदें ये ऐसी बेहतरीन पेंटिंग्स, लगेंगी बहुत खूबसूरत, देंगी मानसिक शांति

पेंटिंग्स आपके घर की दीवारों की शोभा बढ़ाने का एक अनोखा तरीका होती हैं। ये आपके व्यक्तित्व और रुचियों को भी दर्शाती हैं। सही पेंटिंग्स चुनने से आपके घर का माहौल बदल सकता है और इसे और भी आकर्षक बना सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ बेहतरीन पेंटिंग्स के बारे में बताएंगे, जो आपके घर की सजावट को और भी खास बना सकती हैं और आपके जीवनशैली को एक नया आयाम दे सकती हैं।



### प्राकृतिक दृश्य

प्राकृतिक दृश्य वाली पेंटिंग्स आपके घर को एक ताजगी भरा माहौल देती हैं। पहाड़, नदियां, जंगल या समुद्र तट जैसे दृश्य आपके घर को शांत और सुकून भरा बना सकते हैं। इन पेंटिंग्स में हरे-भरे रंगों का उपयोग होता है, जो आंखों को सुकून देते हैं और मानसिक तनाव को कम करते हैं। इसके अलावा ये पेंटिंग्स आपको प्रकृति के करीब लाती हैं और आपके घर को एक प्राकृतिक स्पर्श देती हैं, जिससे वातावरण और भी खूबसूरत लगता है।

### कला और संस्कृति

अगर आप कला प्रेमी हैं तो कला और संस्कृति से जुड़ी पेंटिंग्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में सुंदर लगती हैं बल्कि इनमें छिपी कहानियां भी होती हैं, जो आपको प्रेरित करती हैं। भारतीय कला जैसे मधुबनी, वारली या तंजोर पेंटिंग्स आपके घर की दीवारों को खास बना सकती हैं। इसके अलावा इन पेंटिंग्स में स्थानीय संस्कृति की झलक भी मिलती है, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है।

### आधुनिक कला

अगर आप आधुनिक डिजाइन पसंद करते हैं तो एब्स्ट्रैक्ट आर्ट या मिक्स मीडिया आर्ट आपकी पसंद बन सकती है। इन प्रकार की पेंटिंग्स में विभिन्न रंगों और आकारों का उपयोग होता है, जो आपके घर को एक नया लुक देते हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में आकर्षक लगती हैं बल्कि इनसे आपके कमरे का माहौल भी बदल जाता है। इनकी मदद से आप अपने घर में एक आधुनिक और चलन में स्पर्श ला सकते हैं।



### बुद्ध या भगवान की पेंटिंग्स

बुद्ध की पेंटिंग्स आपके घर को एक सांस्कृतिक स्पर्श देती हैं। ये पेंटिंग्स न केवल देखने में सुंदर लगती हैं बल्कि इनसे आध्यात्मिकता भी जाहिर होती हैं, जो आपको प्रेरित करती हैं। इन पेंटिंग्स की खासियत यह है कि ये स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को दर्शाती हैं, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है। इसके अलावा ये पेंटिंग्स आपके घर को एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आयाम देती हैं।

### व्यक्तिगत यादें

व्यक्तिगत यादों से जुड़ी पेंटिंग्स जैसे परिवार की तस्वीरें, यात्रा की यादें आदि आपके घर को खास बनाती हैं। इन पेंटिंग्स में आपके जीवन की अहम घटनाओं की झलक मिलती है, जिससे आपका घर और भी खूबसूरत लगता है। इन पेंटिंग्स से न केवल आपके घर की सजावट होती है बल्कि आपके परिवार की यादें भी ताजा रहती हैं। ये पेंटिंग्स आपके कमरे को एक भावनात्मक स्पर्श देती हैं, जिससे आपका घर एक अलग ही पहचान पाता है।